हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

9 टी20 कॅरियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचीं अट्टापट्टू

एक साथ दिखीं तीन महाशक्तियां

एक फ्रेम में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नजर आ रहे हैं। तीनों नेताओं की यह तस्वीर वैश्विक राजनीति में रूस, चीन और भारत के बढ़ते प्रभाव, आपसी संबंधों और बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों की झलक पेश करती है। फोटो : एजेंसी

पुतिन-जिनपिंग से गर्मजोशी से मिले मोदी, पास खड़े देखते रहे शहबाज

एससीओ सम्मेलन के दूसरे दिन तीन दिग्गजों की मुलाकात ने बढ़ाई दुनिया में हलचल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से गर्मजोशी भरी मुलाकात चर्चा में रही। सम्मेलन के दौरान तीनों नेताओं ने एक-दूसरे से हाथ मिलाया और बातचीत की। इस दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी कुछ दूरी पर खड़े नजर आए। हालांकि मोदी और शहबाज के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत सभी सदस्य देशों के नेताओं के सामूहिक फोटो सत्र से हुई। इसी दौरान पुतिन और शी जिनपिंग आगे बढ़कर प्रधानमंत्री मोदी से मिले। तीनों नेताओं के बीच गर्मजोशी का यह दृश्य कैमरे में कैद हो गया और बाद में इसका वीडियो भी सामने आया।

मोदी ने की आतंक के तंत्र को खत्म करने की पैरवी

पाकिस्तान ने तस्वीर से मोदी को हटाया

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की गई एक ग्रुप फोटो को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल, एससीओ समिट के दौरान ली गई ग्रुप फोटो को एडिट करके प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर हटा दी गई है। यह तस्वीर किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में ली गई थी। इसमें सदस्य देशों के नेता एक मंच पर खड़े नजर आ रहे हैं। मूल तस्वीर में मोदी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत 12 नेता दिखाई दे रहे हैं। वहीं, एडिटेड तस्वीर में सिर्फ 6 नेता दिख रहे हैं। मोदी, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान समेत 6 नेताओं को हटा दिया गया है। हालांकि बाद में सोशल मीडिया पर विरोध बढ़ने के बाद पाक ने फोटो को ठीक किया।

आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान

एससीओ के मंच से प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के खिलाफ सभी देशों से एकजुट होकर कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद अब भी पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। इसके खिलाफ लड़ाई को केवल कार्रवाई और प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रखा जा सकता। आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथ और सुरक्षित ठिकानों के पूरे तंत्र को खत्म करना होगा।

अफगानिस्तान में शांति पर भी जोर

पीएम ने कहा कि शांत और सुरक्षित यूरेशिया की साझा आकांक्षा अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता से जुड़ी है। भारत अफगानिस्तान के लोगों के विकास और मानवीय सहायता में योगदान देता रहा है और आगे भी देता रहेगा। मोदी की पुतिन और जिनपिंग से मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब एससीओ सम्मेलन में क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद और यूरेशिया में शांति जैसे मुद्दे प्रमुखता से उठाए जा रहे हैं।

ममता बनर्जी की भतीजी फंदे पर लटकी मिली

बीरभूम। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की भतीजी ब्रिष्टी मुखर्जी मंगलवार सुबह बीरभूम जिले के कुसुंबा गांव स्थित अपने घर में मृत मिलीं। पुलिस के अनुसार, उनका शव घर की पहली मंजिल के कमरे में मिला। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

शिक्षक भर्ती घोटाले में चली गई थी नौकरी

हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, तीन श्रेणी के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के कर्मचारियों की पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 46 याचिकाओं का एक साथ निपटारा करते हुए कर्मचारियों के मामलों को चार श्रेणियों में बांटकर निर्णय दिया। इनमें एक श्रेणी की मांग खारिज कर दी गई, जबकि तीन श्रेणियों के कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

28 अक्टूबर 2005 की कटऑफ बरकरार

पहली श्रेणी में वे कर्मचारी थे, जिनकी नियुक्ति 1 जनवरी 2006 के बाद और 18 अगस्त 2008 से पहले हुई थी। इन कर्मचारियों ने 28 अक्टूबर 2005 की कटऑफ तारीख को बदलकर 18 अगस्त 2008 करने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने इसे खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य सरकार अपनी पेंशन नीति बनाते समय केंद्र की कटऑफ तारीख अपनाने के लिए बाध्य नहीं है।

पार्ट टाइम और अस्थायी सेवा भी गिनी जाएगी

दूसरी श्रेणी के कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली। 1 जनवरी 2006 से पहले पार्ट टाइम, एडहाक, अस्थायी या अनुबंध पर सेवा शुरू कर बाद में नियमित हुए कर्मचारियों की पात्र निरंतर सेवा को पेंशन के लिए अर्हकारी सेवा में शामिल किया जाएगा। कोर्ट ने कहा कि राज्य एक आदर्श नियोक्ता है और लंबे समय तक ली गई सेवा को केवल अस्थायी बताकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

पुरानी भर्ती प्रक्रिया वालों को लाभ

तीसरी श्रेणी में वे कर्मचारी हैं, जिनकी भर्ती का विज्ञापन 28 अक्टूबर 2005 से पहले जारी हुआ था, लेकिन नियुक्ति बाद में हुई। यदि बाद की प्रक्रिया पहले शुरू हुई भर्ती की निरंतरता थी, तो उसे नई भर्ती नहीं माना जाएगा।

अनुकंपा नियुक्तियों को भी राहत

चौथी श्रेणी में अनुकंपा और एक्स-ग्रेशिया नियुक्तियां शामिल हैं। पात्र मामलों में 8 मई 2023 के कार्यालय ज्ञापन के तहत ओपीएस लाभ का रास्ता साफ किया गया है।

ओबीसी क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट में 17 सितंबर को सुनवाई

सिर्फ माता-पिता की सैलरी और आय से तय नहीं हो दर्जा : केंद्र

पद-संपत्ति और अन्य परिस्थितियां भी देखें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओबीसी क्रीमी लेयर के मानदंड को लेकर केंद्र सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 17 सितंबर को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने मंगलवार को केंद्र की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए सभी संबंधित पक्षों से 17 सितंबर तक जवाब मांगा है। केंद्र ने अदालत से सिविल सेवा परीक्षा-2025 के 958 चयनित उम्मीदवारों की सेवा आवंटन प्रक्रिया पुराने ओबीसी क्रीमी लेयर मानदंड के आधार पर पूरी करने की अनुमति मांगी है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि किसी उम्मीदवार को ओबीसी क्रीमी लेयर में रखने का फैसला केवल माता-पिता की वेतन या आय के आधार पर नहीं होना चाहिए। माता-पिता का पद, सेवा की स्थिति, आय और संपत्ति समेत अन्य प्रासंगिक परिस्थितियों को भी देखा जाना चाहिए।

सरकार ने दी जानकारी

सरकार ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षा-2025 की प्रक्रिया 11 मार्च के फैसले से पहले शुरू हो चुकी थी। परीक्षा का विज्ञापन 22 जनवरी 2025 को जारी हुआ था। प्रारंभिक परीक्षा 25 मई और मुख्य परीक्षा 22 से 31 अगस्त 2025 के बीच हुई। 958 चयनित उम्मीदवारों का परिणाम 6 मार्च 2026 को घोषित हुआ, जबकि सुप्रीम कोर्ट का संबंधित फैसला पांच दिन बाद 11 मार्च को आया।

सेवा आवंटन में देरी से प्रशिक्षण प्रभावित होने की दलील

केंद्र ने अदालत को बताया कि चयनित अधिकारियों का सेवा आवंटन समय पर होना जरूरी है। देरी होने पर मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षण और आधारभूत पाठ्यक्रम प्रभावित हो सकता है। इससे विभिन्न सेवाओं में पद आवंटन, वरिष्ठता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर भी असर पड़ने की आशंका है। अब सुप्रीम कोर्ट 17 सितंबर को केंद्र की मांग और ओबीसी क्रीमी लेयर के मानदंड से जुड़े सभी पक्षों पर विस्तार से सुनवाई करेगा।

एलआईसी की बीमा प्लेटिनम जीवन सुरक्षा, गारंटीड एडिशन्स और अन्य कई लाभ प्रदान करती है, साथ ही आपके भविष्य को और समृद्ध बनाती है.

प्रस्तुत है एलआईसी की बीमा प्लेटिनम

यूआईएन: 512N397V01 | प्लान नं.: 770

नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

मुख्य विशेषताएँ:
- गारंटीड एडिशन्स - प्रत्येक ₹1,000/- के कुल वार्षिकीकृत प्रीमियम पर ₹70/- की दर से प्रतिवर्ष प्रीमियम भुगतान अवधि (Premium Paying Term-PPT) के दौरान अर्जित होंगे
- बूस्टर इनकम बेनिफिट - PPT के बाद 5वें वर्ष के अंत में मूल बीमा राशि का 70%
- नियमित आय लाभ - भुगतान अवधि (Policy Term minus PPT) के दौरान मूल बीमा राशि का 10% प्रतिवर्ष समाप्ति पर
- मौजूदा एलआईसी पॉलिसीधारकों तथा दिवंगत पॉलिसीधारकों के नामितों/लाभार्थियों के लिए रिबेट
- राइडर लाभों के माध्यम से बीमा सुरक्षा बढ़ाने का विकल्प

ऑनलाइन भी उपलब्ध

क्यूआर कोड स्कैन करें और My LIC App डाउनलोड करें | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/अपनी निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें/www.licindia.in पर जाएं

हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

LIC/R1/2026-27/17/Hin

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

प्रस्तुत है एलआईसी की जीवन रक्षा

यूआईएन: 512N368V01 | प्लान नं.: 894

नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, शुद्ध जोखिम योजना

मुख्य विशेषताएँ:
- पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु होने की स्थिति में परिवार को वित्तीय सहायता का प्रावधान
- ₹5 लाख की न्यूनतम बीमा राशि
- प्रीमियम भुगतान की विभिन्न अवधियों में से चुनने की सुविधा
- महिलाओं के लिए विशेष दरें
- आकर्षक उच्च बीमा राशि रिबेट का लाभ
- राइडर विकल्प उपलब्ध

ऑनलाइन भी उपलब्ध

क्यूआर कोड स्कैन करें और My LIC App डाउनलोड करें | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/अपनी निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें/www.licindia.in पर जाएं

हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

LIC/R1/2026-27/18/Hin

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

खबर संक्षेप

बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था पर जवाब दे सरकार

चंडीगढ़। सांसद कुमारी सैलजा ने भाजपा पर आरोप लगाया कि चुनावों को देखते हुए सरकारें अपनी नाकामियों से जनता का ध्यान भटकाने के लिए धार्मिक और जातिगत ध्रुवीकरण का सहारा ले रही हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था और कर्मचारियों की समस्याओं पर सरकार को जवाब देना चाहिए। सैलजा ने कहा कि देशवासियों को धर्म और जाति से ऊपर उठकर रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान, महिला सुरक्षा और महंगाई जैसे मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछने चाहिए।

पात्र अनुबंध कर्मचारियों के लिए सृजित होंगे पद

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 और नियम, 2025 के तहत पात्र अनुबंध कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा का लाभ देने के लिए आवश्यक सुपरन्यूमेरेरी पद सृजित करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने इस संबंध में सभी विभागों, बोर्डों, निगमों और प्राधिकरणों को विस्तृत निर्देश जारी किए हैं। सुपरन्यूमेरेरी पद केवल संबंधित सुरक्षित कर्मचारी के समायोजन के लिए होगा।

पहली तिमाही में 7.8% जीडीपी वृद्धि

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर देश की मजबूत आर्थिक क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों, तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और सप्लाई चेन की बाधाओं के बावजूद भारत ने यह उपलब्धि हासिल की है। सैनी ने कहा कि यह आर्थिक वृद्धि 140 करोड़ देशवासियों के सामूहिक प्रयास और देश की बढ़ती आर्थिक क्षमता को दर्शाती है। उन्होंने इसे भारत की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया।

मानसून सत्र का अंतिम दिन : कमेटी में विपक्ष को शामिल करने के सवाल का जवाब दे रहे थे सीएम

गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान की कमेटी में विपक्ष को भी मिलेगा प्रतिनिधित्व

संत-महापुरुषों की शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत

तेग बहादुर के शहीदी दिवस में विपक्ष की भागीदारी नहीं होना दुखद

- गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को राजनीतिक मंच न बनाया जाए : दीपेन्द्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि संत सभी के हैं और हम सभी संतों के हैं। संत-महापुरुषों की शिक्षाएं किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संपूर्ण समाज और मानवता के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इसी भावना के अनुरूप 'गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान' के लिए गठित कमेटी में विपक्ष के सदस्यों को भी शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री मंगलवार को विधानसभा में 'संत शिरोमणि गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान' पर पेश किए गए सरकारी संकल्प पर चर्चा के दौरान विधायक बीबी बत्रा द्वारा कमेटी में विपक्ष को प्रतिनिधित्व दिए जाने का विषय उठाए जाने पर सदन में जवाब दे रहे थे। इस दौरान नायब सैनी ने गुरु श्री तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस से जुड़े कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस महान सदन में गुरु श्री तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर प्रस्ताव लाया गया था और कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कमेटियां भी गठित की गई थीं। इन कमेटियों में विपक्ष के सदस्यों को भी शामिल किया गया था। ज्ञात हो की सांसद दीपेन्द्र ने रविदास जी समरसता संकल्प अभियान को लेकर बनाई गई समिति पर आपत्ति जताई थी।

चंडीगढ़। विधानसभा में विपक्ष के सवालों का जवाब देते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

विपक्ष की भागीदारी देखने को नहीं मिली

सीएम ने कहा विपक्ष का एक भी साथी इन कार्यक्रमों में शामिल होता दिखाई नहीं दिया। मुख्यमंत्री ने इस पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वे बड़े भारी मन से सदन में यह बात रख रहे हैं कि गुरु श्री तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर से जुड़े कार्यक्रमों के लिए कमेटियां गठित किए जाने और सभी को आमंत्रित किए जाने के बावजूद विपक्ष की भागीदारी देखने को नहीं मिली। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने कहा था कि सरकारें आएंगी, सरकारें जाएंगी, लेकिन यह देश रहना चाहिए। यही संदेश हमारे गुरुओं ने भी दिया है। इस संदेश को आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। भावी पीढ़ी को यह पता होना चाहिए कि हमारे संतों और गुरुओं ने समाज एवं मानवता के लिए किस प्रकार के कष्ट सहे और अपना जीवन समर्पित किया।

अंतिम दिन 11 विधेयक चर्चा के उपरांत पारित

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन 11 विधेयक पारित किए गए। इनमें 'राइट टू बिजनेस', पंचायतों में ग्राम सभा के कोरम, शामलात जमीन, अल्पसंख्यक आयोग, महिला आयोग, निजी विश्वविद्यालय और जीएसटी से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं।

राइट टू बिजनेस

पात्र उद्यमी सभी मंजूरियां लिए बिना कारोबार शुरू कर सकेंगे। निर्धारित समय में प्रारंभिक मंजूरी पर निर्णय न होने पर डीम्ड अप्रूवल मिलेगा। सभी वैधानिक मंजूरियां लेने के लिए 36 माह का समय दिया जाएगा।

ग्राम सभा का कोरम घटा

पंचायतों में योजनाओं के लाभार्थियों के चयन और ग्राम पंचायत विकास योजना के लिए मुख्य बैठक में 20 प्रतिशत उपस्थिति पर्याप्त होगी। पहली स्थगित बैठक में 15 प्रतिशत कोरम रहेगा।

शामलात जमीन पर डीसी को अधिकार

31 मार्च 2004 या उससे पहले शामलात देह की जमीन पर बने मकानों के पात्र मामलों में मंजूरी का अधिकार निदेशक से संबंधित उपायुक्त को दिया गया है।

अल्पसंख्यक आयोग को वैधानिक दर्जा

हरियाणा राज्य अल्पसंख्यक आयोग को वैधानिक संस्था बनाया गया है। आयोग अल्पसंख्यकों के अधिकारों और विकास से जुड़े मामलों की निगरानी करेगा।

महिला आयोग में सदस्य बढ़े

गैर-सरकारी सदस्यों की संख्या पांच से बढ़ाकर सात की गई है। 9 जुलाई 2026 के अध्यादेश को विधेयक के जरिए स्थायी कानूनी आधार मिला।

दो नए निजी विश्वविद्यालय

रेवाड़ी में कुसुम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी और गुरुग्राम में मास्टर्स यूनियन यूनिवर्सिटी की स्थापना का रास्ता साफ हुआ।

जीएसटी में बदलाव

हरियाणा जीएसटी संशोधन विधेयक में पोस्ट-सेल डिस्काउंट से जुड़े प्रावधान बदले गए हैं। संबंधित चालान के समझौते से छूट को विशेष रूप से जोड़ने की बाध्यता हटाई गई है और इनपुट टैक्स क्रेडिट वापस करने के लिए क्रेडिट नोट का संदर्भ जोड़ा गया है।

लोकल ऑडिट व्यवस्था

स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं के स्वतंत्र एवं समयबद्ध ऑडिट के लिए वैधानिक ढांचा बनाया गया।

7,136.63 करोड़ का अनुपूरक विनियोग

वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 7,136 करोड़ 63 लाख 25 हजार रुपये के भुगतान एवं विनियोग को मंजूरी मिली।

फिजियोथेरेपी परिषद समाप्त

केंद्रीय राष्ट्रीय संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल व्यवसाय आयोग कानून के तहत राज्य संबद्ध एवं स्वास्थ्य देखभाल परिषद गठित होने के बाद 2020 के हरियाणा राज्य फिजियोथेरेपी परिषद कानून को समाप्त किया गया।

कानून अधिकारियों की संख्या बढ़ी

विशेष योग्यता और अनुभव वाले कानून अधिकारियों की नियुक्ति की सीमा 10 से बढ़ाकर 15 की गई है। भारतीय न्याय संहिता लागू होने के बाद मामलों की प्रकृति और संख्या में बदलाव को इसका आधार बनाया गया है।

मानसून सत्र-2026 के समापन पर मुख्यमंत्री की प्रेस वार्ता

कांग्रेस ने विस के गेट पर ही नहीं, सदन की गरिमा को भी तार-तार किया : सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन अधिकारों के साथ मर्यादा और जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। विरोध के नाम पर नियम तोड़ना अथवा सुरक्षा कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। किसी कर्मचारी पर अपना राजनीतिक गुस्सा निकालना उचित नहीं है। कांग्रेस के विधायकों ने मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा के गेट पर ही नहीं, भीतर भी सदन की गरिमा को तार-तार किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बात मंगलवार को हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के समापन अवसर पर आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि तीन दिन चले इस सत्र में तीन बैठकें हुईं और लगभग 16 घंटे सकारात्मक एवं सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने सत्र को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी विधायकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और मीडिया प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

सुरक्षा कर्मियों का सम्मान जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा में ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी भी सम्मान के अधिकारी हैं। किसी कर्मचारी पर राजनीतिक गुस्सा निकालना उचित नहीं है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से घटनाक्रम पर आत्मचिंतन करने और सुरक्षाकर्मी के साथ अनुचित व्यवहार हुआ है तो खेद व्यक्त करने की अपील की।

1984 के दंगों से संबंधित पोस्टर पर जताई आपत्ति

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस द्वारा विस की गरिमा को केवल गेट पर ही नहीं, बल्कि सदन के अंदर भी तार-तार करने का काम किया गया। 27 अगस्त को सदन में कांग्रेस पार्टी से चुने गए एक सिख-दलित विधायक द्वारा दिखाए गए पोस्टर का उल्लेख करते हुए कहा कि उसमें 1984 के दंगों के आरोपियों को रोल मॉडल बताने वालों से माफी की मांग की गई थी। इस प्रकार का पोस्टर दिखाया जाना और उसके बाद नेता प्रतिपक्ष के इशारे पर उसे उनके लाडले विधायक द्वारा छीना जाना तथा अपमानजनक ढंग से सदन में फेंकना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी को लेकर अरविंद शर्मा ने जताई आपत्ति

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान झज्जर से कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की गई टिप्पणी पर कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि विधानसभा जैसे गरिमापूर्ण मंच पर सभी समाजों की भावनाओं और सम्मान का ध्यान रखा जाना चाहिए। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सामाजिक समरसता की बात करते हैं और प्रदेश समरसता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। ऐसे में इस तरह की छोटी सोच और टिप्पणी नहीं होनी चाहिए, उन्होंने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार बनी भाजपा सरकार बड़ी सोच के साथ 36 बिरादरी को साथ लेकर चलने वाली सरकार है। उन्होंने कांग्रेस विधायक से माफी मांगने की मांग की।

डॉ. शर्मा ने विधानसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार सामाजिक समरसता और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की बात करते हैं। भाजपा की तीसरी बार सरकार बड़ी सोच के साथ 36 बिरादरी के साथ बनी है और यह सभी को साथ लेकर चलने वाली सरकार है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक वर्ग को सम्मान देते हुए विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है।

राहुल पर एफआईआर से भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता उजागर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एचपीसीसी मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने और मल्लिकार्जुन खड़गे के कार्यक्रम स्थल का 'शुद्धिकरण' करने वालों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। हुड्डा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार दलित विरोधी मानसिकता वाले लोगों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई से भाजपा का रवैया उजागर हुआ है। हुड्डा ने मांग की कि शुद्धिकरण करने वालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

11 साल में 481 हाई स्कूल घटे, 634 वरिष्ठ माध्यमिक बढ़े

चंडीगढ़। हरियाणा में 2014 से 2025 के बीच सरकारी स्कूलों की संरचना में बड़ा बदलाव हुआ है। सरकारी हाई स्कूलों की संख्या 1,383 से घटकर 902 रह गई, जबकि वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल 1,876 से बढ़कर 2,510 हो गए। प्राथमिक स्कूलों की संख्या भी 8,895 से घटकर 8,650 और मिडिल स्कूल 2,411 से घटकर 2,209 रह गए। स्कूल शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने विधानसभा में विधायक पूजा के अतारांकित प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। पिछले पांच वर्षों में 214 हाई स्कूलों को वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर अपग्रेड किया गया। वहीं, जिला-वार आंकड़ों में स्कूलों की संरचना में हुए बदलाव की तस्वीर साफ दिखाई देती है। नूंह में सरकारी हाई स्कूलों की संख्या वर्ष 2014 में 40 थी, जो 2025 में घटकर केवल सात रह गई। वहीं जिले में वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों की संख्या 50 से बढ़कर 135 हो गई।

11 साल में गृह विभाग से जुड़े भ्रष्टाचार के 612 मामले

चंडीगढ़। हरियाणा में जनवरी 2015 से 30 जून 2026 तक गृह विभाग से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार संबंधी 612 मामले/प्रविष्टियां सामने आई हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को विधानसभा में विधायक चौ. आफताब अहमद के अतारांकित प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। चार विभागों के आंकड़ों में पुलिस विभाग की 574, होम गार्ड्स एवं सिविल डिफेंस की 13, अभियोजन विभाग की एक और जेल विभाग की 24 प्रविष्टियां शामिल हैं। पुलिस विभाग के मामलों में गुरुग्राम 64 मामलों के साथ सबसे ऊपर है। फरीदाबाद में 46 और सोनीपत में 40 मामले दर्ज हैं। सरकार के विवरण में निलंबन, विभागीय जांच, आरोप-पत्र, वेतनवृद्धि रोकने, पदावनति और बर्खास्तगी जैसी कार्रवाई का भी उल्लेख है।

प्रदेश के 118 सरकारी स्कूलों के बनेंगे आधुनिक भवनः ढांडा

चंडीगढ़। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों में बेहतर आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में प्रदेश के 118 राजकीय प्राइमरी, मिडिल और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के नए एवं आधुनिक भवन बनाए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने 200 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया है। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान एक सवाल के जवाब में शिक्षा मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा कराए गए सर्वे में 118 स्कूल ऐसे पाए गए, जिनके पास पर्याप्त भवन नहीं थे। इन स्कूलों में आधुनिक भवन बनाए जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या के अनुसार पर्याप्त भवन, पेयजल, शौचालय, बिजली, प्रयोगशालाएं, कंप्यूटर और डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

जीएसटी अनुपालन की कैग जांच में कई खामियां उजागर

ई-वे बिल, रिटर्न और इनपुट टैक्स क्रेडिट में गड़बड़ियां, 687 मामलों में 339 के जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में जीएसटी अनुपालन को लेकर भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक (कैग) की रिपोर्ट में कई महत्वपूर्ण कमियां सामने आई हैं। रिपोर्ट में ई-वे बिल, जीएसटी रिटर्न दाखिल करने, कर भुगतान और इनपुट टैक्स क्रेडिट से जुड़े मामलों की जांच की गई है। कैग ने 687 उच्च-मूल्य डेटा विसंगतियां चिन्हित कीं, जिनमें विभाग ने 339 मामलों में जवाब दिया। इनमें 196 मामले अनुपालन संबंधी विसंगतियों वाले पाए गए, जिनमें 738.34 करोड़ की राशि शामिल थी। विभाग ने 123 मामलों में कार्रवाई शुरू की। इनमें 17 मामलों में 3.49 करोड़ की वसूली हुई, जबकि 101 मामलों में 582.07 करोड़ के नोटिस जारी किए गए। कैग ने 70 में से 69 मामलों में 7,692.48 करोड़ से जुड़े मांगे गए अभिलेख उपलब्ध न कराए जाने पर भी सवाल उठाए। रिपोर्ट के अनुसार, 6,064 करदाताओं को लंबे समय तक रिटर्न दाखिल न करने पर नोटिस नहीं दिए गए। वहीं 19 करदाताओं पर 1.64 करोड़ की ब्याज देयता भी लंबित पाई गई। ई-वे बिल प्रणाली में पंजीकरण निरस्त होने के बाद बनाए गए 41 बिल और जोखिमपूर्ण वाहनों से जुड़े 12 लेनदेन भी जांच में सामने आए।

एससी-एसटी अत्याचार मामलों की निगरानी के लिए कमेटी गठित

चंडीगढ़। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति गठित की गई है। उन्होंने कहा कि एससी पीड़ित परिवारों को कानूनी सहायता के लिए फीस बढ़ाकर 21 हजार रुपये की गई है। वर्ष 2024 में हरियाणा में अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ अत्याचार के 1,020 मामले दर्ज हुए। लंबित मामलों के निस्तारण के लिए मार्च 2026 में विशेष अभियान चलाया गया।



रोहतक, बुधवार 2 सितंबर 2026

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

सुविचार

कदर करना सीख लीजिए, न जिंदगी वापस आती है, न जिंदगी में आए हुए लोग। कई बार तबीयत दवा लेने से नहीं, हाल पूछने से भी ठीक हो जाती है। - *अज्ञात*

9 दलीप ट्रॉफीः फाइनल में 'ईस्ट जोन' 'सेंट्रल' को चार विकेट से दी शिकस्त

खबर संक्षेप

चारधाम यात्राः हेलीकॉप्टर सेवा का दूसरा चरण 15 से

देहरादून। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूसीएडीए) ने मंगलवार को घोषणा की कि चारधाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं का दूसरा चरण 15 सितंबर से शुरू होगा। यूसीएडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतीक जैन ने कहा कि यह फैसला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद लिया गया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमानों के आधार पर 15 सितंबर तक मानसून के कमजोर पड़ने और पीछे हटने की संभावना है। भाषा

एयर वाइस मार्शल शक्ति ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। एयर वाइस मार्शल शक्ति शर्मा ने भारतीय रक्षाबलों में टू-स्टार रैंक हासिल करने वाली पहली नॉन-मेडिकल महिला अधिकारी बनकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने 1 सितंबर को एयर हेडक्वार्टर में असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (एजुकेशन) का पदभार ग्रहण किया। 18 जून 1994 को भारतीय वायु सेना की शिक्षा शाखा में शामिल हुईं शक्ति शर्मा का करियर 32 वर्षों का रहा है। एजेंसी

गोवा-दिल्ली उड़ान के इंजन में खराबी

पणजी। गोवा से दिल्ली जा रही इंडिगो की उड़ान 6ई 2102 के एक इंजन में मंगलवार सुबह तकनीकी खराबी आने के बाद विमान को वापस गोवा लाकर सुरक्षित उतारा गया। उड़ान ने मनोहर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से सुबह 9:16 बजे उड़ान भरी थी। करीब 14 मिनट बाद 9:30 बजे विमान की गोवा एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में 229 यात्री सवार थे और सभी सुरक्षित बताए गए हैं। उड़ान के दौरान इंजन में तकनीकी खराबी की जानकारी मिलने के बाद पायलट ने विमान को वापस गोवा लाने का फैसला किया। एजेंसी

तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष राव 'हाउस अरेस्ट'

हैदराबाद। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन रामचंद्र राव को पुलिस ने उनके तरनाका स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर हिरासत में ले लिया है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है। रामचंद्र राव नलगोंडा में भाजपा जिलाध्यक्ष नागम वर्षित रेड्डी से मिलने जा रहे थे। पार्टी का आरोप है कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रेड्डी के घर में तोड़फोड़ की और उनकी मां पर हमला किया। एजेंसी

हंगामे के बीच बीता विस सत्र का अंतिम दिन, माननीयों ने लांघी शब्दों की मर्यादा

चला आरोप-प्रत्यारोप का दौर; जातीय टिप्पणी और राहुल पर बयान को लेकर हंगामा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे और अंतिम दिन मंगलवार को सदन में जमकर हंगामा और आरोप-प्रत्यारोप देखने को मिला। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य कई मौकों पर एक-दूसरे पर तीखे हमले करते नजर आए। बहस के दौरान कुछ सदस्यों ने शब्दों की मर्यादा भी लांघी, जिसके चलते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने कई टिप्पणियों को कार्यवाही से हटवाया और सदस्यों को असंसदीय भाषा से बचने की चेतावनी दी। सफाई कर्मियों की हड़ताल को लेकर मंत्री कृष्ण बेदी अकेले ही विपक्षी विधायकों से भिड़ गए और उन पर सियासत करने के आरोप लगाए व कहा कि 12 मांगें मान ली गई हैं। एक दशक तक राज करने वाले नेता विपक्ष हुड्डा, बीबी बतरा व गीता भुक्कल पर उन्होंने मामले में सियासत करने व समाज को तोड़ने के आरोप लगाए। वहीं, गुरु रविदास के 650वें प्रकाश पर्व पर सामाजिक समरसता का संकल्प लेकर आए सीएम ने इस बारे में विस्तार से सदन को जानकारी दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संत शिरोमणि गुरु रविदास के 650वें प्रकाश पर्व को लेकर सरकारी संकल्प पेश किया।

सीएम ने गुरु रविदास के 650वें प्रकाश पर्व को लेकर सरकारी संकल्प पेश किया

स्पीकर हरविंद्र कल्याण को कई बार करना पड़ा दखल

कई टिप्पणियों को कार्यवाही से हटवाया गया

सदस्यों को असंसदीय भाषा से बचने की चेतावनी दी

रामकुमार गौतम की टिप्पणी पर हंगामा

रामकुमार गौतम अपने चिर परीचित अंदाज ने केंद्रीय नेता विपक्ष राहुल गांधी पर वंदेमातरम को लेकर टिप्पणी की, तो हंगामा खड़ा हो गया। इस पर नेता विपक्ष, कांग्रेस के विधायक भड़क गए। सदन की कार्यवाही के अंतिम चरण में 11 विधेयक पारित किए गए। इसके अलावा संत गुरु रविदास को लेकर भाजपा की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों को लेकर भी कांग्रेस ने आपत्ति उठाई साथ ही सियासत करने के आरोप लगाए।

भुक्कल ने एक दोहे पर गरमाया सदन

सदन में उस वक्त हंगामा हो गया, जब कांग्रेस की विधायक गीता भुक्कल ने एक दोहा पढ़ते हुए ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी कर डाली। उन्होंने तैश में चिल्लाकर भाजपा विधायक रामकुमार गौतम पर जात पात की राजनीति करने के आरोप लगाए। भुक्कल की टिप्पणी को लेकर भाजपा की ओर से सारे मंत्री और विधायक खड़े हो गए, हंगामा होने पर भुक्कल की ओर से अशोक अरोड़ा खेद व्यक्त करते व माफी मांगते हुए नजर आए लेकिन भुक्कल ने माफी नहीं मांगी। भुक्कल की टिप्पणी के बाद में खड़े हुए मंत्री और विधायकों को विस अध्यक्ष ने यह कहकर बैठा दिया कि उन्होंने कार्यवाही से शब्द हटवा दिए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने विधानसभा में 'संत शिरोमणि गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान' को लेकर सरकारी संकल्प पेश किया। विपक्ष ने कमेटी में कांग्रेस के एससी सांसदों और विधायकों को शामिल नहीं किए जाने पर सवाल उठाया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि गठित होने वाली कमेटी में विपक्षी सदस्यों को भी शामिल किया जाएगा।

मेरे समाज को बदनाम कर रहे : कृष्ण बेदी

सफाई कर्मियों की हड़ताल को लेकर हालात पर विस्तार से बात रख रहे मंत्री विपुल गोयल को विपक्ष ने बात नहीं रखने दी, टोकाटाकी और शोरगुल चलता रहा। बाद में खड़े हुए बेदी ने कहा कि यह लोग मेरे समाज को बदनाम करने, भाईचारा खराब करने की साजिश रच रहे हैं, उन्होंने कांग्रेस की बेंचों की ओर इशारा करते हुए कहा कि दस साल सत्ता में रहे, उस वक्त इस समाज की याद नहीं आई। बेदी ने बताया कि एक ही मांग बाकी है, जिसको लेकर कानूनी पहलू भी देखना पड़ता है। अपने कार्यकाल में यह लोग दस साल की नीति जबकि इनेलो के शासनकाल में पांच साल की नीति का प्रस्ताव रखते थे, लेकिन अब दो साल के अंदर एक कलम से सभी को पक्का करने की सियासत कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला, सभी राज्यों में लागू होगा

नीट प्रदर्शनकारियों पर दर्ज सभी एफआईआर रद्द कीं

सीजेपी ने 5 का मार्च वापस लिया, आपराधिक पृष्ठभूमि वालों पर चलेगा केस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक के विरोध में 20 से 25 जुलाई के बीच हुए प्रदर्शनों को लेकर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को रद्द कर दीं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत विशेष अधिकार का इस्तेमाल किया। पीठ में न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना भी शामिल रहे। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि किसी राज्य या केंद्रशासित प्रदेश में इन्हीं प्रदर्शनों से जुड़ी कोई ऐसी एफआईआर दर्ज हैं, जिसकी जानकारी अदालत को नहीं दी गई है, तो उसे भी आगे नहीं बढ़ाया जाएगा और बंद माना जाएगा। अदालत ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 20 से 25 जुलाई के प्रदर्शनों के संबंध में नई एफआईआर दर्ज नहीं करने का निर्देश दिया। हालांकि, दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान शामिल 2,873 ऐसे लोगों के खिलाफ केंद्र नए मामले दर्ज कर सकेगा, जिनकी आपराधिक पृष्ठभूमि सामने आई है। इसके बाद कॉकरोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर के मार्च को वापस ले लिया है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश

20 से 25 जुलाई के बीच हुए विरोध प्रदर्शनों से जुड़ी कोई नई एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी।

■

दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, बंगाल और असम में क्रिमिनल रिकॉर्ड वालों पर केस चलते रहेंगे।

■

इन 5 राज्यों को छोड़कर बाकी जगहों पर ऐसी एफआईआर में पुलिस न तो जांच आगे बढ़ाएगी और न ही कोई कार्रवाई करेगी।

■

सरकार नीट पेपर लीक के कारण सुसाइड करने वाले स्टूडेंट्स के परिवारों को 3 महीने के अंदर मुआवजा दे।

ऐतिहासिक फैसला : सौरव दास

एफआईआर वापस लेने की मांग को लेकर कोक्रोच जनता पार्टी ने 5 सितंबर को दिल्ली में मार्च निकालने का ऐलान किया था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पार्टी के सह-संयोजक और प्रवक्ता सौरव दास ने मार्च वापस लेने की घोषणा की। उन्होंने फैसले को ऐतिहासिक बताया। दिल्ली पुलिस के अलावा महाराष्ट्र, असम, बिहार और पश्चिम बंगाल सरकार ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दिया था।

यह कहा था केंद्र ने

केंद्र के 25 जुलाई के मामलों को वापस लेने के फैसले के बाद दिल्ली पुलिस ने भी कहा था कि वह इन मामलों की जांच आगे नहीं बढ़ाना चाहती। सुप्रीम कोर्ट प्रदर्शनकारियों के 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान सुरक्षा बलों पर लगाए गए कथित ज्यादती के आरोपों की जांच की मांग वाली याचिकाओं पर भी सुनवाई कर रहा है।

सरकार ने निभाया वादाः नड्डा

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए हमने सरकार की ओर से भरोसा दिलाया था कि प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले वापस ले लिए जाएंगे और भविष्य में उनके खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसी क्रम में, हमने भाजपा शासित राज्यों की सरकारों से भी बातचीत कर अपना वादा पूरा किया है।

पलवल में केएमपी पर नींद की झपकी आने से भीषण हादसा

श्रद्धालुओं से भरी पिकअप ट्रक में घुसी, 6 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलवल

पलवल में कुंडली-मानेसर-पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार तड़के दर्दनाक सड़क हादसे में 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 14 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ, जब श्रद्धालुओं से भरी टाटा पिकअप सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। इनमें मां-बेटा, चाची, ससुर और परिवार के अन्य सदस्य शामिल बताए गए हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को पलवल के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले के किशनपुर मुरैया, मकोया, चांदा और आसपास के गांवों से करीब 21 लोग 28 अगस्त को धार्मिक यात्रा पर निकले थे। सोमवार शाम उन्होंने राजस्थान के खाटू श्याम और सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद सभी वृंदावन जाने के लिए पिकअप से रवाना हुए थे।

मैनपुरी से धार्मिक यात्रा पर निकले थे 21 लोग खाटू श्याम व सालासर बालाजी के दर्शन के बाद वृंदावन जा रहे थे

सरियों से बनाया गया था पिकअप का डबल डेकर

पुलिस के मुताबिक, पिकअप में लोहे के सरिए और जाल लगाकर अतिरिक्त ऊपरी हिस्सा बनाया गया था। टक्कर के दौरान वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ऊपर बैठे कई लोग नीचे गिर गए। ड्राइवर के बगल में बैठे एक व्यक्ति की गर्दन वाहन की बॉडी में फंस गई थी, जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया। पुलिस को शुरुआती जांच में आशंका है कि लगातार सफर के कारण पिकअप चालक को नींद की झपकी आई, जिससे वाहन खड़े ट्रक से जा टकराया। हादसे के बाद ट्रक और पिकअप दोनों के चालक मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चरखी दादरी में भी हादसा चालीस श्रद्धालु घायल

चरखी दादरी। नेशनल हाइवे-334बी पर गांव खेड़ीबत्तर के पास मंगलवार सुबह राजस्थान के गोगामेड़ी जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली को पीछे से तेज रफ्तार ट्राले ने टक्कर मार दी। इस हादसे में करीब 40 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों में पुरुषों के साथ महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं। राहगीरों व आसपास के लोगों ने घायलों को बाहर निकाला और दादरी के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। उल्लेखनीय हैं कि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के गांव पीपल नगला से श्रद्धालु सोमवार शाम करीब छह बजे ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर राजस्थान के गोगामेड़ी जा रहे थे, जिस ट्रैक्टर-ट्राली में श्रद्धालु सवार थे, उस ट्राली को बांस व रस्सी आदि की मदद से ट्रिपल डेकर (तीन मंजिला) बनाया गया था।

नेपाल त्रासदी : अब तक 1066 की मौत, 4400 लापता, 11,800 बचाए

काठमांडू (एजेंसी)। नेपाल में एक सप्ताह से अधिक समय पहले आई विनाशकारी बाढ़ के बाद राहत और बचाव अभियान अब भी जारी है। बाढ़ और अचानक आई तेज धारा से मरने वालों की संख्या बढ़कर 1066 हो गया है। इनमें नेपाल में 1050 और तिब्बत में 16 लोगों की मौत हुई है। वहीं, 4400 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। नेपाल में अब तक 11,800 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है।

सुरंगों में फंसे श्रमिकों की तलाश जारी

राहत अभियान में विदेशी दल भी मदद कर रहे हैं। भारत की विशेष सुरंग बचाव टीमें भी नेपाल पहुंच गई हैं। भारतीय दल ने चिलिमे क्षेत्र में अभियान शुरू कर दिया है ।

फिर बाढ़ का खतरा

नेपाल में बचाव अभियान के बीच नए खतरे की आशंका भी बनी हुई है। चीन के मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं ने ग्यिरोंग क्षेत्र में फिर बारिश होने की चेतावनी दी है। इससे आसपास की एक झील में पानी का स्तर बढ़ने की आशंका है। अधिकारियों ने हिमनदों के खिसकने या टूटने की संभावना को लेकर भी चिंता जताई है। ऐसे में आने वाले कुछ दिन राहत और बचाव अभियान के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

रैपर बादशाह का दूसरी पत्नी से भी हुआ तलाक

चंडीगढ़ (ब्यूरो)। रैपर बादशाह और पंजाबी एक्ट्रेस ईशा रिखी ने शादी के 5 महीने बाद ही एक-दूसरे से अलग होने का ऐलान कर दिया है। दोनों ने अपने इंस्टाग्राम पर एक जैसी पोस्ट शेयर कर तलाक की बात कही। जिसमें दोनों ने लिखा- यह फैसला दोनों की आपसी सहमति से लिया गया है। उन्होंने फैंस और मीडिया से इस समय में उनकी प्राइवेसी का सम्मान करने और किसी भी तरह का अंदाजा न लगाने का अनुरोध किया है। पिछले कुछ हफ्तों से दोनों के रिश्ते में अनबन की खबरें आ रही थीं। बादशाह के पिता हरियाणा से और मां पंजाब से हैं।

हथिनीकुंड बैराज में स्पेशल फोर्स के पांच जवान डूबे

यमुनानगर (हरिभूमि न्यूज)। हरियाणा-हिमाचल की सीमा पर मंगलवार शाम को यमुना नदी में बड़ा हादसा हो गया। बाढ़ बचाव की प्रैक्टिस के दौरान सेना की मोटर बोट नदी के बीच में डूब गई, जिससे सेना के वन पैरा स्पेशल फोर्स के 5 जवान गहरे पानी में डूबने लगे। पानी के तेज बहाव के बीच 3 जवान तो किसी तरह करीब 600 मीटर तैर कर पश्चिमी यमुना नहर के गेट से बाहर आ गए, लेकिन दो अन्य जवान लापता हो गया। लापता जवानों की पहचान महाराष्ट्र के आर्यन पाटिल और जम्मू कश्मीर के अखनूर निवासी अजय के रूप में हुई है। उन्हें ढूंढने के लिए सेना के साथ हरियाणा व यूपी एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है।

तीन 600 मीटर तैरकर बाहर निकले यमुनानगर में ट्रेनिंग के दौरान हादसा

स्कूल की तीसरी मंजिल से कूदी छात्रा की मौत

फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)। गाजीपुर रोड स्थित नवोदय विद्या निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को 11वीं क्लास की स्टूडेंट ने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। स्कूल स्टाफ छात्रा को अस्पताल ले जाने लगा, लेकिन रास्ते में ही मौत हो गई। छात्रा के पिता ने स्कूल की एक टीचर पर आरोप लगाए हैं। पिता का कहना है कि एक टीचर ने उनकी बेटी को पनिशमेंट के तौर पर 4 घंटे क्लास से बाहर खड़े रखा। इसी वजह से उनकी बेटी आहत हुई। ये बात भी सामने आ रही है कि क्लास में बिरयानी खाने को लेकर पनिशमेंट दी गई। बताया जा रहा है कि जब स्कूल में छुट्टी हुई, इसी दौरान छात्रा तीसरी मंजिल पर चली गई और नीचे कूद गई।

पिता का आरोप- बिरयानी खाने की बात पर टीचर ने 4 घंटे सजा के तौर पर खड़ा रखा

सुभाष चंद्रा के 6.25 करोड़ के भुगतान प्रस्ताव पर रोक

एनसीएलटी की पांच सदस्यीय पीठ ने 25 अगस्त का आदेश टाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की 5 सदस्यीय पीठ ने जी समूह के संस्थापक सुभाष चंद्रा के 6.25 करोड़ के पुनर्भुगतान प्रस्ताव को मंजूरी देने वाले 25 अगस्त के आदेश पर मंगलवार को रोक लगा दी। पीठ ने चंद्रा को अपनी किसी भी संपत्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बेचने अथवा हस्तांतरित करने से भी रोक दिया है। मामले से जुड़े सभी पक्षों को नोटिस जारी किए हैं। एनसीएलटी के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी मामले की सुनवाई के लिए पांच सदस्यीय पीठ गठित की गई है। पीठ की अध्यक्षता अध्यक्ष न्यायमूर्ति अनूपिंदर सिंह ग्रेवाल कर रहे हैं। इसमें बचु वेंकट बालाराम दास, महेंद्र खंडेलवाल, अतुल चतुर्वेदी और रविंद्र चतुर्वेदी सदस्य हैं। पीठ ने 25 अगस्त के आदेश पर रोक लगाने के पीछे महत्वपूर्ण आधार बताया। उस मामले की सुनवाई करने वाले तीन सदस्यों के बीच स्पष्ट बहुमत नहीं था और तीनों की राय अलग-अलग थी। ऐसे में 25 अगस्त का आदेश वैध नहीं माना जा सकता।



22,006 करोड़ के दावे के बदले मामूली भुगतान पर बैंकों ने जताई थी आपत्ति

यह था प्रस्ताव

सुभाष चंद्रा पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों का कुल 22,006.57 करोड़ रुपये का दावा है। यह व्यक्तिगत रूप से लिया गया कर्ज नहीं, बल्कि एस्सेल समूह की कंपनियों के लिए दी गई उनकी व्यक्तिगत गारंटी से जुड़ा मामला है। चंद्रा की ओर से इस दायित्व के निपटारे के लिए केवल 6.25 करोड़ रुपये के भुगतान का प्रस्ताव रखा गया था। कई कर्जदाताओं ने इसका विरोध किया था। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस की अगुआई में कुछ कर्जदाताओं ने प्रस्ताव को अव्यावहारिक और गैर-कानूनी बताया था। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस का दावा था कि उसे 1,322.39 करोड़ रुपये की बकाया राशि के बदले महज 38.09 लाख रुपये मिलने थे।

यह देशवासियों की मेहनत का नतीजा, वैश्विक संकट में भी जीडीपी 7.8 फीसदी दर से बढ़ी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 7.8 प्रतिशत विकास दर को देशवासियों की इच्छाशक्ति, मेहनत और सामूहिक ताकत का परिणाम बताते हुए बधाई दी। मंगलवार को जारी वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर संकट के बावजूद भारत ने तेज आर्थिक विकास दर्ज किया है और अब इस रफ्तार को बनाए रखने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने लोगों से एक बार फिर अपील की कि आवश्यकता न हो तो सोना न खरीदें। इससे पहले उन्होंने 10 मई को भी गैर-जरूरी सोने की खरीद से बचने की अपील की थी।

पीएम की अपील, आत्मनिर्भरता के लिए स्वदेशी पर जोर दें

जरूरत न हो तो सोना न खरीदें, विकास की रफ्तार बनाए रखने में सहयोग करें : मोदी

स्वदेशी अपनाने और विदेश में खर्च घटाने का संदेश

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों को विदेश घूमने और विदेश में शादी करने पर होने वाले खर्च से बचना चाहिए तथा स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि जितना अधिक देश स्वदेशी और आत्मनिर्भरता को अपनाएगा, उतनी ही मजबूती से आगे बढ़ेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक युवा पीढ़ी को विकसित भारत सौंपने का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

सोने के आयात से बढ़ता विदेशी मुद्रा खर्च

भारत अपनी जरूरत का करीब 99 प्रतिशत सोना विदेशों से आयात करता है। वर्ष 2025-26 में सोने के आयात पर करीब 6.4 लाख करोड़ रुपये खर्च हुए। विदेश से सोना खरीदने के लिए डॉलर में भुगतान करना पड़ता है। सोने का आयात कम होने से डॉलर की मांग घट सकती है और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव कम हो सकता है। इससे रुपये को मजबूती मिलने में मदद मिलती है।

कम सोना खरीदा, फिर भी भुगतान बढ़ा

वर्ष 2025-26 में भारत ने पिछले कारोबारी वर्ष की तुलना में करीब 4.76 प्रतिशत कम सोना खरीदा, लेकिन इसके आयात पर भुगतान करीब 24 प्रतिशत बढ़ गया। इसकी प्रमुख वजह सोने की कीमतों में तेज बढ़ोतरी रही। महंगा सोना देश के आयात बिल पर अतिरिक्त दबाव डालता है।

महंगाई पर पड़ता है असर

रुपया मजबूत होने पर कच्चे तेल और दूसरी जरूरी वस्तुओं का आयात सस्ता हो सकता है। इससे आयातित महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। ऐसे में सोने के अनावश्यक आयात को कम करना विदेशी मुद्रा प्रबंधन के लिहाज से भी महत्वपूर्ण है। आभूषण या सिक्कों के रूप में सोना रखने के बजाय सोना आधारित निवेश साधनों में निवेश किया जा सकता है। इनमें चोरी का जोखिम और भंडारण के लिए तिजोरी या लॉकर की जरूरत कम होती है।

खबर संक्षेप

अग्निवीर भर्ती रैली आज से, जाट धर्मशाला में फ्री रुक सकेंगे अभ्यर्थी

भिवानी। भीम स्टेडियम में दो से 15 सितंबर तक होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली को लेकर जाट धर्मशाला सभा ने युवाओं के लिए सराहनीय और जनकल्याणकारी पहल की है। भर्ती रैली में भाग लेने के लिए प्रदेशभर से पहुंचने वाले हजारों युवाओं को रहने या ठहरने की समस्या से न जूझना पड़े, इसलिए जाट धर्मशाला में निःशुल्क व समुचित प्रबंध किए गए हैं। जाट धर्मशाला सभा के प्रधान दिलबाग सिंह सांगवान ने बताया कि अग्निवीर बनने का सपना लेकर भिवानी पहुंचने वाले युवा हमारे अपने बच्चे हैं और देशसेवा के उनके जज्बे का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी युवाओं के लिए ठहरने की पूरी व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। युवाओं के लिए विशाल हॉल की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, शौचालय व स्नानघर का समुचित प्रबंध किए गए हैं।

नूंह में स्कूल बस ने पांच साल की बच्ची को कुचला

नूंह। अगोन गांव में मंगलवार को एक स्कूली बस ने 5 साल की बच्ची को कुचल दिया। बच्ची अपनी मां के साथ लकड़ी लेने गई थी। खेलते-खेलते वह सड़क पर आ गई और बच्चों को छोड़कर लौट रही एक स्कूली बस की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। बस का अगला पहिया बच्ची के सिर के ऊपर से गुजर गया। मृतक बच्ची की पहचान अगोन निवासी मनीषा पुत्री महिपाल के रूप में हुई है। शारिका इंटरनेशनल स्कूल की बस का आरोपी चालक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग गया। ग्रामीणों का आरोप है कि हादसे के वक्त बस ड्राइवर मोबाइल फोन पर बात कर रहा था।

डीएलएड में शिक्षा बोर्ड ने दिया मर्सी चांस

भिवानी। हरियाणा विद्यालय विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा डीएलएड प्रवेश वर्ष 2021 व 2022 के छात्र-अध्यापकों को सितंबर/अक्तूबर-2026 में संचालित होने वाली परीक्षा में मर्सी चांस दिया गया है। बोर्ड के अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ व सचिव दीपक बाबूलाल करवा ने बताया कि डीएलएड प्रवेश वर्ष 2021 व 2022 के छात्र-अध्यापक/अध्यापिका जिन्होंने डीएलएड दो वर्षीय कोर्स में दाखिला लिया था और उनका परीक्षा परिणाम प्रथम व द्वितीय वर्ष में एक विषय/अधिक विषयों में अनुत्तीर्ण होने के कारण डिप्लोमा पूर्ण नहीं हुआ है। उन सभी छात्र- अध्यापकों को डिप्लोमा पूर्ण करने हेतु एक मर्सी चांस प्रदान किया गया है। संबंधित छात्र अध्यापक/अध्यापिका प्रत्येक वर्ष की परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क 10 हजार रुपये सहित ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्रदेश में 27 दिन से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान हो रहा टकराव

पुलिस पहरे में सफाई करवाने पर भिड़े हड़ताली, कई जगह झड़प

- हिसार में पुलिस कर्मचारियों व सफाई कर्मियों में हाथापाई, कई को आई चोटें
- कैथल के सीवन में अधिकारियों की गाड़ी का शीश तोड़ा, पुलिस में दी शिकायत
- जींद में लोडर वाहनों की निकाली हवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

प्रदेश में पिछले 27 दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बीच मंगलवार को कचरा उठान को लेकर कई जिलों में माहौल तनावपूर्ण हो गया। हिसार अर्बन एस्टेट में पूर्व डिप्टी सीएम की कोठी के सामने नगर निगम की कचरा उठाने वाली गाड़ियों को पुलिस पहरे में निकाला जा रहा था। यहां सफाई कर्मचारियों ने गाड़ियों को रोकने का प्रयास किया, जिससे पुलिस और कर्मचारियों के बीच धक्का-मुक्की और झड़प हो गई। हाथापाई में एसएचओ की वर्दी खींची गई और महिला कर्मचारियों ने कूड़ा उठाने वाली गाड़ी के ड्राइवर को बाहर खींचकर मारपीट की। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा और कई लोगों को हिरासत में ले लिया। इस टकराव में 7 पुलिसकर्मियों को मामूली चोटें आई हैं। वहीं, एक पुलिस कर्मचारी पर एक महिला सफाई कर्मचारी को लात मारने का आरोप लगा है।

हिसार। विरोध कर रहे सफाई कर्मचारियों को हिरासत में लेती पुलिस।

वाहन से कूड़ा खाली करवाया : जींद में सफाई अभियान के दौरान हड़तालरत कर्मियों ने विरोध किया और अमले के साथ हाथापाई भी की। कूड़ा लेकर जा रहे वाहन को सड़क पर खाली करवाया। लोडर की हवा भी निकाल दी। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी ने विरोध करने वाले कर्मियों के खिलाफ लिखित में शिकायत देकर मामला दर्ज करने की अनुशंसा की है।

सीवन में नपा की गाड़ी पर कस्सी से हमला

कैथल। सीवन में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान नगर पालिका की सरकारी गाड़ी पर हमला करने का मामला सामने आया है। नगर पालिका सीवन के सचिव ने पुलिस को शिकायत दी है। इस दौरान जीप में सवार कनिष्ठ अभियंता (जेई), क्लर्क और ड्राइवर बाल-बाल बच गए। शिकायत के अनुसार, 1 सितंबर को दोपहर करीब 3 से 3:30 बजे कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार और क्लर्क दीपक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर सरकारी जीप से कार्यालय की ओर लौट रहे थे। जब वे सोसायटी बैंक के पास पहुंचे तो हड़ताली कर्मचारियों के परिवार के सदस्य शिवम और रोशन ने कथित तौर पर कस्सी से हमला कर सरकारी जीप का पीछे का शीशा तोड़ दिया।

12 मांगें मानीं, बाकी न्यायालय में विचाराधीन : सीएम

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि राज्य सरकार सफाई कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार कार्य कर रही है। कर्मचारियों की 12 मांगें मानी जा चुकी हैं। जो मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं, उनका तत्काल समाधान सरकार के स्तर पर संभव नहीं है। न्यायालय की ओर से जो भी निर्देश आएंगे, सरकार उनके अनुरूप कार्रवाई करेगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को हरियाणा विधानसभा में विधायक विकास सहारण द्वारा सफाई कर्मचारियों से संबंधित पूछे गए एक प्रश्न के संबंध में सदन में जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस विषय पर राजनीति कर रही है। सदन में कांग्रेस के एक विधायक द्वारा मोबाइल फोन पर सफाई कर्मचारी से बातचीत करने के विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन के भीतर फोन पर बात करना नियमों के अनुरूप नहीं है। यदि किसी सदस्य को फोन पर बात करनी है तो वह सदन से बाहर जाकर कर सकता है।

चर्चित डीटीपी आरएस बाठ पर सूचना आयोग ने लगाया 25 हजार जुर्माना

गुरुग्राम। नगर निगम के चर्चित डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर आरएस बाठ पर राज्य सूचना आयोग ने 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। आयोग ने आरटीआई में जानकारी देने में लापरवाही बरतने पर यह आदेश दिया। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. अजय सुरा ने हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव से आरएस बाठ को कर्तव्य निर्वहन और कानून की विशेष ट्रेनिंग दिलाने की सिफारिश की है। यह पूरा मामला 4 जनवरी 2022 को दायर की गई एक आरटीआई से जुड़ा है। आरटीआई कार्यकर्ता भारत जैन ने नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से संबंधित विभिन्न नियमों, नीतियों और दिशा-निर्देशों की जानकारी मांगी थी। इस आरटीआई में खास तौर पर 2007 से 2016 के बीच मंजूर हुए ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में आंशिक कब्जा या पजेशन सर्टिफिकेट जारी करने के नियमों की बिंदुवार जानकारी मांगी गई थी। आयोग ने 13 जुलाई 2023 को ही तत्कालीन जन सूचना अधिकारी को दो सप्ताह में पूरी जानकारी देने का आदेश दिया था, लेकिन विभाग की ओर से लगातार देरी की जाती रही। राज्य लोक सूचना अधिकारी आरएस बाठ ने आयोग को बताया कि संबंधित नियम विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, आवेदक को संबंधित रिकॉर्ड देखने का मौका भी दिया गया था। आयोग ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा- अगर किसी नागरिक ने जानकारी मांगी है तो जनसूचना अधिकारी को प्रत्येक बिंदु पर कानून के अनुसार स्पष्ट जवाब देना होगा। सुनवाई के दौरान सामने आया कि आरएस बाठ को आयोग द्वारा कई अवसर दिए गए, लेकिन वे बार-बार सुनवाई से नदारद रहे।

ट्रक ने एयरफोर्स स्टेशन की गाड़ी को मारी टक्कर, तीन अधिकारी घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ यमुनानगर

जिले के कैल कलानौर बाइपास हाइवे पर तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन की गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में एयरफोर्स के तीन अधिकारी घायल हो गए। तीनों अधिकारी चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन की स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में सवार होकर सरसावा एयरफोर्स स्टेशन जा रहे थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी डिवाइडकर को पार कर दूसरी साइड में चली गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायल अधिकारियों को अस्पताल में भर्ती करवाया।

जानकारी के अनुसार स्विफ्ट डिजायर चला रहे धीरेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार सुबह चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन से तीन अधिकारियों को गाड़ी में लेकर सरसावा एयरफोर्स स्टेशन जा रहा था। यमुनानगर में हाइवे पर कैल बाइपास के पास एक गाड़ी खराब खड़ी थी। जिस कारण जाम की स्थिति बनी हुई थी। ऐसे में वह गाड़ी को साइड में लगाकर खड़े हो गए। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार में एक ट्रक आया और सीधी उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। हादसे में एयरफोर्स की कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और तीनों अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही एयरफोर्स के अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। तीनों अधिकारियों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद आरोपी ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

एसई सुसाइड केस में एसआईटी करेगी जांच, 10 दिन में मिलेंगे सेवानिवृत्ति लाभ

- आश्वासन मिलने पर 33 घंटे बाद किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ करनाल

करनाल बिजली निगम के सुसाइड करने वाले अधीक्षण अभियंता गीतू राम तंवर का मंगलवार को 33 घंटे बाद अंतिम संस्कार हुआ। सोमवार सुबह से ही परिजन उनकी मौत के मामले में सुसाइड नोट में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े हुए थे। मंगलवार को डीएसपी राजीव कुमार और एडीसी राहुल परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच विशेष जांच दल से करवाने का आश्वासन दिया। साथ ही परिजनों को यह भी भरोसा दिया गया कि सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले सभी लाभ 10 दिन में जारी कर दिए जाएंगे। प्रशासन ने कहा कि गीतू राम तंवर की मौत के मामले में निष्पक्ष जांच होगी और जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पर परिजन मान गए। अंतिम संस्कार में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया और उपायुक्त आनंद कुमार शर्मा भी पहुंचे। हालांकि प्रशासन के साथ सहमति बनने के बाद समाज के कुछ लोग नाराज हो गए। बता दें कि जाट-झोटा टिप्पणी विवाद के बाद से तंवर निलंबित चल रहे थे। परिवार के सदस्य राजकुमार कटारिया ने बताया कि प्रशासन ने जांच में पूरे मामले के साथ पहले सामने आए वीडियो की भी जांच की जाएगी। परिवार का आरोप है कि कुछ वीडियो को काट-छांटकर अलग तरीके से प्रस्तुत किया गया था। कटारिया ने बताया कि गीतू राम तंवर पिछले कुछ महीनों से निलंबित थे। सोमवार को उनकी सेवानिवृत्ति और जन्मदिन दोनों थे।

एफआईआर में नामजद नहीं किए आरोपी

गीतू राम तंवर की पत्नी की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। परिवार का आरोप है कि शिकायत में अधिकारियों के नाम दिए गए थे, लेकिन प्राथमिकी में आरोपियों वाले खाने को खाली छोड़ दिया गया। सेक्टर-32/33 थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत और सुसाइड नोट में सामने आए नामों के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

राज्य पुनर्वास, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, रोहतक
(विशेष जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए)
(सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, हरियाणा सरकार)
State Institute for Rehabilitation, Training and Research (SIRTAR) Rohtak
(For persons with special needs)
(Social Justice & Empowerment Department, Govt. of Haryana)

दाखिला सूचना

सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि सत्र 2026-27 के लिए राज्य पुनर्वास, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (सिरतार), गाँधी नगर, रोहतक में बौद्धिक अक्षमता वाले बच्चों को निशुल्क शिक्षण/प्रशिक्षण, आवासीय सुविधा एवं मानव संसाधन व अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रवेश हेतु दाखिला खुला है। प्रवेश प्रकिया संस्थान के नियमानुसार मुल्यांकन/चयन के आधार पर किया जाता है। अधिक जानकारी हेतु अभिभावक कार्य दिवसों में संस्थान के कार्यालय में आकर एवं फोन न०: 9350010162, 7206073900, 01262-282065, 282211 व विभाग की Website: www.sirtarrohtak.com पर चैक कर सकते है।

-Sd/-निदेशक
सिरतार, रोहतक

पीआरडीएच-1104/11/40/2027/48827/88/6 दि. 01.09.2026

ज्वेलर का सिर फोड़कर लूट करने वाले 5 लुटेरों को कोर्ट ने सुनाई सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

लगभग दो साल पहले शहर में एक ज्वेलर की दुकान में घुसकर मारपीट करने और लूटपाट के पांच आरोपियों को एडीएसजे अंकिता शर्मा की अदालत ने दोषी करार दिया है। दो दोषियों को दस-दस साल की जेल और एक-एक लाख रुपये जुर्माने की तथा तीन अन्य को सात-सात साल की कैद और पचास-पचास हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी योगेश ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसने अपने मकान में ही ज्वेलरी की दुकान कर रखी है। 17 जून 2024 की रात को मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी सागर व उसके अन्य साथी हथियारों से लैस होकर दुकान में जबरन घुस गए। जब योगेश ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसके सिर पर ईंट मारकर गंभीर चोट पहुंचाई और दुकान से सोने-चांदी के जेवरात व नकदी लूटकर फरार हो गए।

दो को 10-10 साल, तीन को 7-7 साल की कैद

ज्वेलर की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद झज्जर के गांव पलड़ा निवासी दीवान सिंह, इंद्रा कॉलोनी निवासी विकास उर्फ विक्की, शुक्रपुरा निवासी दिनेश, मोहल्ला रामसिंहपुरा निवासी दीपक व सागर को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए सोने-चांदी के जेवरात व नकदी बरामद की थी। अदालत ने सागर व दीपक को 10-10 साल की कैद और 1-1 लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। तीन दोषियों दीवान सिंह, विकास उर्फ विक्की व दिनेश को 7-7 साल कैद और 50-50 हजार रुपए के जुर्माना की सजा सुनाई है।

उत्तर रेलवे

ई-टेंडर सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-एफएस, उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल, आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई-टेंडर (कार्य) के माध्यम से, जीसीटी नीति के अंतर्गत, मलोट रेलवे स्टेशन के निकट-आंशिक रूप से रेलवे भूमि पर, गति शक्ति मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल के विकास एवं प्रबंधन कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित करते हैं।

निविदा संख्या एवं दिनांक	UMB-GCT-SCII-MOT-01-26/31.08.2026		
कार्य का नाम	जीसीटी नीति के अंतर्गत, मलोट रेलवे स्टेशन के निकट – आंशिक रूप से रेलवे भूमि पर, गति शक्ति मल्टी– मॉडल कार्गो टर्मिनल का विकास एवं प्रबंधन		
निर्माण अवधि	अनुबंध अवधि	परियोजना की अनुमानित लागत	अर्नेस्ट मनी (जमानत राशि)
18 माह	20 वर्ष	₹22,87,17,002/-	₹2,28,71,700/-
निविदा की आखिरी तिथि एवं समय		30.09.2026, 15:00 बजे तक	
प्री-बिड बैठक की तिथि एवं समय		07.09.2026, 15:00 बजे तक	
प्री-बिड बैठक स्थल	वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-माल सेवाएं, डीआरएम कार्यालय, रेल विहार, अंबाला कैंट, हरियाणा-133001		
बोली प्रारंभ तिथि	16.09.2026		
बोली का आधार	बोलीदाता को टर्मिनल शुल्क एवं टर्मिनल एक्सेस शुल्क (TC/TAC) में रेलवे से दावा की जाने वाली प्रतिशत हिस्सेदारी का उद्धरण देना होगा। पात्र बोलीदाता द्वारा मांगी गई न्यूनतम प्रतिशत हिस्सेदारी/ सबसे कम दावा करने वाले को अनुबंध प्रदान किया जाएगा।		

किसी अन्य जानकारी के लिए, संभावित निविदाकारों को www.ireps.gov.in वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3007/2026

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 222 दिनांक 20.08.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस थाना HSIIDC बड़ी जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान
नाम- मंदीप।
पिता का नाम-पालेराम।
पता - वासी BST कालोनी गन्नौर जिला सोनीपत।
उम्र - 37 वर्ष।
कद - 5 फुट 8 इंच।
हुलिया:- रंग सावला, सामान्य शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे,।
पहनावा- काले रंग की टी-शर्ट व काले रंग की पेंट व सफेद रंगीन जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.08.2026 को मंदीप पुत्र पालेराम BST कालोनी गन्नौर जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया है। अब तक वापिस नहीं आया हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो० न0 - 7419410541
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 8708271078
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5267/2027/48787/88/6 दि. 01.09.2026

कुर्ता-पायजमा टिप्पणी में ढांडा के गांव में पंचायत

चेतावनी-अभय 15 दिन में जाट समाज से माफी मांगें

- इनेलो नेताओं का कवि गांव में बहिष्कार करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के कुर्ते-पायजामे वाले बयान से शुरू हुआ विवाद अब शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के गांव कवि तक पहुंच गया है। कवि में 36 बिरादरी की महापंचायत हुई। इसमें ग्रामीणों ने इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला के बयान के विरोध में नारेबाजी कर रोष जताया।

वहीं, पंचायत ने अभय चौटाला को अपने शब्द वापस लेने और जाट समाज से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने के लिए 15 दिन का समय दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर 15 दिन में अभय चौटाला सार्वजनिक रूप से जाट समाज से माफी नहीं मांगते हैं तो कवि गांव में इनेलो के किसी भी नेता या कार्यकर्ता को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने हुड्डा और इनेलो सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा था कि उस समय एक विशेष वर्ग के लोग सुबह-सुबह कुर्ते-पायजामे पहनकर सचिवालय पहुंच जाते थे, वे सेटिंग कराने का काम करते थे। उन्होंने कहा था कि उनके कुर्ते-पायजामे अब खूंटी पर टंग गए हैं। प्रेसवार्ता के दौरान मंत्री महीपाल ढांडा भी साथ बैठे थे। वहीं, अभय चौटाला ने कहा था कि जब डॉ. अर्चना उनकी जाति पर टिप्पणी कर रही थीं, तब मंत्री महीपाल ढांडा वहां हंस रहे थे। उन्होंने इसे जाट समाज के लिए शर्मिंदगी की बात बताया था। महापंचायत में सरपंच बृजपाल उर्फ बिट्टू, पूर्व सरपंच अमरनाथ शर्मा, बलबीर, सुखजिंदर, जयदीप, सूरज सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

बच्ची के साथ नहर में कूदी महिला, सर्च अभियान चलाया

फरीदाबाद। सेक्टर-56 क्षेत्र से गुजर रही गुरुग्राम कैनाल नहर में एक महिला के बच्ची के साथ कूदने की जानकारी सामने आई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, जो देर शाम तक जारी रहा। सेक्टर-55 चौकी इंचार्ज देवदूत ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 8 बजे एक राहगीर ने पुलिस को सूचना दी थी कि एक महिला अपनी बच्ची के साथ नहर में कूद गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया, लेकिन किसी भी व्यक्ति ने घटना के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी। पुलिस के सामने सबसे बड़ी परेशानी यह है कि घटना को लेकर लोगों की ओर से अलग-अलग जानकारी दी जा रही है। कुछ का कहना है एक महिला छोटी बच्ची के साथ नहर में कूदी है, जबकि कुछ लोगों ने बताया कि महिला, बच्ची और एक पुरुष तीनों नहर में कूदे हैं। अभी जांच जारी है।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अम्बाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन हेतु IREPS वेबसाइट के माध्यम से ई-नीलामी द्वारा बोलियां आमंत्रित करते हैं।

S. N.	Lot No.	Description	Auction Start Date Time
1	MSS-UMB-SML-SIPod-112-26-1	स्वीकृत साइट प्लान के अनुसार शिमला रेलवे स्टेशन (NSG-5 श्रेणी) पर 135.42 वर्ग मीटर के कुल क्षेत्रफल में मॉड्यूलर स्लीपिंग पॉड्स का विकास एवं प्रबंधन किया जाएगा।	07.09.2026 12:00:00 hrs.
2	MSS-UMB-SRE-DigiL-119-26-1	साइट प्लान के अनुसार सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर कुल 10' x 3' अर्थात 30 वर्ग फुट क्षेत्रफल में डिजिटल स्टोरेज लॉकरों की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण।	16.09.2026 12:00:00 hrs.
3	MSS-UMB-KLK-DigiL-122-26-1	साइट प्लान के अनुसार कालका रेलवे स्टेशन पर कुल 7.5' x 4' अर्थात 30 वर्ग फुट क्षेत्रफल में डिजिटल स्टोरेज लॉकरों की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण।	16.09.2026 12:00:00 hrs.

ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अथवा ई-नीलामी पट्टा प्रक्रिया से संबंधित किसी अन्य जानकारी के लिए www.ireps.gov.in पर जाएं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3013/26

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम रोहतक	जिला रोहतक, हरियाणा के तहत सभी शहरी स्थानीय निकायों के लिए स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत नगरीय अधिकारियों, स्वच्छता कर्मचारियों एवं अन्य हितधारकों की कैपेसिटी बिल्डिंग एवं प्रशिक्षण प्रस्ताव हेतु आग्रह (आरएफपी)	29.08.2026 08.09.2026	-	https://etenders.hry.nic.in	9467717422 engg-rohtak@ulbharyana.gov.in
2	नगर निगम रोहतक	वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से नगर निगम रोहतक की सीमाओं के अंदर सभी संपत्तियों के मूल्यांकन जानकारी सम्पत्ति कर सूचनाओं के मुद्रण एवं वितरण प्रस्ताव हेतु आग्रह (आरएफपी)	31.08.2026 07.09.2026	-	https://etenders.hry.nic.in	9468271505 ztomcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/80/48779/I/88/6 दि. 01.09.26

प्रेषक :- ईंचार्ज, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मानहेरू (10644) भिवानी।

नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय मानहेरू (10644) जिला भिवानी में नकारा घोषित स्कूल भवन की बोली की जानी प्रस्तावित है। उपरोक्त बोली 1,08,200/- से शुरू होगी। अतः जो कोई भी सज्जन बोली में भाग लेने का इच्छुक हो तो वह दिनांक 09-09-2026 को प्रातः 10 बजे स्कूल में आकर बोली दे सकता है।

बोली दाता के लिए नियम व शर्तें :-

1. बोली दाता को बोली से पहले 10 हजार रुपए धरोहर राशि नगद या विद्यालय मुखिया के नाम डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा करवानी अनिवार्य होगी।
2. बोली प्राप्त करने वाले को, बोली राशि की 25% राशि नीलामी के तुरन्त बाद जमा करवानी होगी।
3. बाकी 75% राशि तीन दिन के अंदर जमा करवानी होगी।
4. नीलामी के उपरान्त 2 महीने में सारा मलबा उठाना होगा और समतल करके देना होगा, अन्यथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. अन्य नियम व शर्तें बोली वाले दिन मौके पर बता दी जायगी।

प्रेषक:- ईंचार्ज, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मानहेरू (10644) भिवानी।

Sd/- Head Teacher
Govt. Primary School, Manheru (Bhiwani)

पीआरडीएच-1032/11/332/2027/48794/88/6 दि. 01.09.26

हरियाणा सरकार

"भारत के ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार जनता को सशक्त बना रही है।"

- नरेन्द्र मोदी

ऊर्जा से सुनहरा भविष्य सुनिश्चित

अक्तूबर, 2014 के बाद एच.वी.पी.एन.एल. ने 83 नए सब-स्टेशन चालू किए। इसके अतिरिक्त, वर्तमान सब-स्टेशनों में 719 ट्रांसफार्मर स्थापित, 3027.80 किलोमीटर की प्रसारण लाइनें बिछाई गईं। इन प्रसारण कार्यों पर कुल 6466.92 करोड़ रुपये की राशि खर्च।

बिजली आपूर्ति प्रणाली में सुधार लाने तथा बिजली चोरी रोकने के लिए 'फीडर सैनिटेशन प्रोग्राम' शुरू।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी अविद्युतिकृत घरों को विद्युतिकृत किया गया।

घरों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली की तारों को निगम द्वारा निःशुल्क हटाया जा रहा है।

विभिन्न शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए गुरुग्राम में 'स्मार्ट इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड' स्थापित करने का निर्णय।

बिजली वितरण निगम के तकनीकी कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों की सुरक्षा किट उपलब्ध।

कृषि क्षेत्र में लोड बढ़ाने हेतु 'स्वैच्छिक घोषणा' योजना -2025 के तहत 18,407 किसानों ने 117.71 मेगावाट अनाधिकृत लोड घोषित।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों पर सोलर रूफटॉप लगवाने के लिए सभी घरेलू उपभोक्ताओं को केन्द्र सरकार द्वारा 1 किलोवॉट पर 30,000 रुपये, 2 किलोवॉट पर 60,000 रुपये तथा 3 किलोवॉट पर 78,000 रुपये की सब्सिडी।

प्रदेश में एक लाख बी.पी.एल. परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने हेतु सरकार द्वारा अधिकतम 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक 1,28,961 सोलर रूफटॉप लगाए गए।



सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

यात्री वाहनों की बिक्री ने अगस्त में पकड़ी रफ्तार, 35 प्रतिशत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री अगस्त में करीब 35 प्रतिशत बढ़कर लगभग 4.5 लाख इकाई रहने का अनुमान है। मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों की मजबूत बिक्री से वाहन उद्योग को गति मिली है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि पिछले साल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती, आयकर में छूट और रेपो दर में कटौती से पैदा हुई मांग की गति का वाहन उद्योग को लगातार लाभ मिल रहा है तथा वह त्योहारों के दौरान अच्छे कारोबार की उम्मीद कर रहे हैं। किआ इंडिया की थोक बिक्री अगस्त में 48.1 प्रतिशत बढ़कर 29,042 इकाई रही, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 19,608 इकाई थी।

घरेलू बिक्री अगस्त में 4.5 लाख इकाई रहने का अनुमान

जीएसटी, ईएमआई और आयकर छूट से आई बिक्री में तेजी

बनर्जी ने कहा, ''अनुमान है कि इस साल अगस्त में उद्योग का आंकड़ा करीब 4.5 लाख इकाई से अधिक रहा होगा, जिसमें 2,000 से 3,000 इकाई कम या ज्यादा हो सकती है। पिछले साल अगस्त में यह आंकड़ा करीब 3.3 लाख इकाई रहा था।'' बनर्जी के अनुसार, उद्योग की वृद्धि के तीन प्रमुख कारण हैं। इसमें जीएसटी 2.0, रेपो दर में कटौती से ईएमआई यानी मासिक किस्त में कमी और 12 लाख रुपये तक की आय पर आयकर छूट शामिल हैं।

मारुति की सेल में आया 34.8 फीसदी का उछाल

बाजार की अग्रणी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की घरेलू बिक्री अगस्त में 34.8 प्रतिशत बढ़कर 1,76,971 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 1,31,278 इकाई थी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवीएल) की घरेलू यात्री वाहन बिक्री अगस्त में 59 प्रतिशत बढ़कर 65,253 इकाई रही, जबकि अगस्त, 2025 में यह 41,001 इकाई थी।

अमन माहेश्वरी एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स में शामिल

कोटा। नेक्स्ट-जेनरेशन लीडरशिप की दिशा में बदलाव को आगे बढ़ाते हुए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड ने अमन माहेश्वरी को बोर्ड आफ डायरेक्टर्स (निदेशक मंडल) में नियुक्त किए जाने की घोषणा की है। इस नियुक्ति के साथ एलन के सभी चारों फाउंडर्स ने अगली पीढ़ी को जिम्मेदारियां सौंपने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। यह बदलाव एलन के अगले 100 वर्षों के भविष्य के लिए तैयार दीर्घकालिक विजन को दर्शाता है।अमन माहेश्वरी निदेशक मंडल में नेक्स्ट-जेनरेशन के साथी डायरेक्टर्स अविरल माहेश्वरी, आनंद माहेश्वरी और केशव माहेश्वरी के साथ शामिल हुए हैं। वे एलन के ग्लोबल स्टडीज डिवीजन का नेतृत्व करने के अनुभव के साथ-साथ भारत, यूएई, यूनाइटेड किंगडम और यूरोप में शिक्षा एवं प्रोफेशनल अनुभव से विकसित अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण लेकर आए हैं। उनकी नियुक्ति एक सुनियोजित बदलाव के पूरा होने का प्रतीक है, जिसमें एलन के संस्थापक मूल्यों, प्रोफेशनल लीडरशिप के अनुभव और नेक्स्ट-जेनरेशन निदेशकों की ऊर्जा का समावेश है।इस बदलाव पर संस्थापक राजेश माहेश्वरी ने कहा कि अमन के बोर्ड में शामिल होने के साथ एलन की यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय पूरा हुआ है। हमारे प्रत्येक नेक्स्ट-जेनरेशन निदेशक की अपनी विशिष्ट क्षमता है और ग्लोबल एजुकेशन वर्टिकल के निर्माण में अमन का अनुभव बोर्ड के लिए महत्वपूर्ण दृष्टिकोण लेकर आएगा। मुझे विश्वास है कि यह सामूहिक नेतृत्व एलन के मिशन को आने वाली पीढ़ियों तक आगे बढ़ाएगा। अपने बड़े बेटे अमन माहेश्वरी के बोर्ड में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने कहा, बड़े बेटे अमन को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालते हुए देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

सरकार का उद्देश्य जमाखोरी और सट्टेबाजी पर रोक लगाना

केंद्र सरकार ने चीनी कारोबारियों के लिए भंडारण सीमा घटाकर 2,000 क्विंटल की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र ने चीनी कारोबारियों के लिए भंडारण सीमा को मंगलवार को और कड़ा करते हुए इसे 4,000 क्विंटल से घटाकर 2,000 क्विंटल कर दिया। यह सीमा 15 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रभावी रहेगी। सरकार ने यह कदम चीनी की ऊंची खुदरा कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए उठाया है। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि एक अगस्त से लागू 4,000 क्विंटल की भंडारण सीमा कोलकाता और उसके आसपास शहरी व उपनगरीय इलाकों की '' क्षेत्र विशिष्ट बाजार जरूरतों को देखते हुए'' अपरिवर्तित रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य घरेलू बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा जमाखोरी एवं सट्टेबाजी पर रोक लगाना है।

- भंडारण सीमा 15 सितंबर से 30 नवंबर तक रहेगी

खास बातें

- पहले कारोबारियों के लिए भंडारण सीमा 4,000 क्विंटल तय थी
- कारोबारी 30 दिन से अधिक समय तक भंडार नहीं रख

2,000 क्विंटल से अधिक चीनी का भंडारण नहीं रखा जा सकेगा

संशोधित नियमों के तहत कोई कारोबारी चीनी प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन से अधिक समय तक उसका भंडार नहीं रख सकता। साथ ही देश में किसी भी स्थान पर किसी भी समय 2,000 क्विंटल से अधिक चीनी का भंडार नहीं रखा जा सकता।

खुदरा चीनी की कीमतें अभी भी ऊंची बनी हुई

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब खुदरा चीनी की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 31 अगस्त को चीनी का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 63.28 रुपये प्रति किलोग्राम था जो एक साल पहले के 46.02 रुपये प्रति किलोग्राम से 37 प्रतिशत अधिक है। थोक कीमतें भी सालाना आधार पर 36.28 प्रतिशत बढ़कर 58.40 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं।

पूर्वी क्षेत्र उप्र व महाराष्ट्र से चीनी मंगाता है

कोलकाता को दी गई छूट के बारे में मंत्रालय ने कहा कि यह क्षेत्र उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से चीनी मंगाता है और फिर इसकी आपूर्ति देश के पूर्वी तथा पूर्वोत्तर हिस्सों में करता है। इसी वजह से वहां पहले की 4,000 क्विंटल की सीमा बरकरार रखी गई है।

महाराष्ट्र में चीनी की कीमत 30 फीसदी घटी

उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि मिल स्तर पर कीमतों में कुछ नरमी आई है। महाराष्ट्र में चीनी की कीमत मिल स्तर पर एक सितंबर को 30 प्रतिशत घटकर 45-46 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जबकि 18 अगस्त को यह 67 रुपये प्रति किलोग्राम के उच्चतम स्तर पर थी।

केंद्र ने मिलों पर कीमतें बढ़ाने का लगाया आरोप

केंद्र ने मिलों पर कीमतें ''बढ़ाने'' का आरोप लगाया और कहा कि देश में चीनी का पर्याप्त भंडार है। यह बात 2025-26 विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) के लिए उत्पादन अनुमान पहले के 343 लाख टन से घटाकर 306 लाख टन किए जाने के बावजूद कही गई है। देश में वार्षिक चीनी की मांग करीब 280-285 लाख टन रहने का अनुमान है।

सोना 2,700 रुपये और चांदी 5,000 रुपये टूटी

नई दिल्ली (एजेंसी)। वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट आई। राष्ट्रीय राजधानी में सोना 2,700 रुपये टूटकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये घटकर लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि सोमवार को यह 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत में भी 5,000 रुपये की गिरावट आई और यह 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। सोमवार को यह 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। सर्राफा पर दबाव इसलिए बना क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच नए तनाव से कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गईं, जिससे महंगाई की चिंताएं बढ़ गईं और ब्याज दरों के परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित हो गया। अमेरिका-ईरान के बीच हालिया तनाव और उसके कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच घरेलू सोने की कीमतें दबाव में हैं।

बढ़ती तेल कीमतों के दबाव से बाजार में मामूली गिरावट

मुंबई (एजेंसी)। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ने से मंगलवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को लंबे समय तक सख्त बनाए रखने की आशंका बढ़ने से भी दुनिया के उभरते बाजारों में जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हो रही है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 12.99 अंक गिरकर 76,944.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 301.15 अंक गिरकर 76,656.12 अंक तक आ गया था। लेकिन समापन नीलामी सत्र (सीएएस) के दौरान इसने अधिकांश नुकसान की भरपाई कर ली। इसी तरह निफ्टी 24.60 अंक गिरकर 24,055.80 अंक पर बंद हुआ।

कार्यालय प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक।

कैन्टीन बोली सूचना

अक्तूबर 2026 से सितम्बर 2027 तक की अवधि हेतु कॉलेज कैन्टीन चलाने के लिए वैध लाइसेंस और कम से कम एक वर्ष का अनुभव प्राप्त ठेकेदार से 21.09.2026 तक मोहरबंद बोलियां आमंत्रित हैं। विस्तृत नियम एवं शर्तें तथा बोली फार्म कार्य समय के दौरान कॉलेज कार्यालय से भुगतान पर प्राप्त किये जा सकते हैं।

हस्ता/-प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय
रोहतक

पीआरडीएच-1031/11/458/2027/48810/88/6 दि. 01.09.2026

विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मांग पांच साल के निचले स्तर पर

नई दिल्ली। देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मांग में नरमी के बीच उत्पादन और नए ऑर्डर की वृद्धि धीमी पड़ने से अगस्त में पांच साल के निचले स्तर 52.8 पर आ गई। मंगलवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) जुलाई के 53.5 से घटकर अगस्त में 52.8 रह गया। यह पांच साल में क्षेत्र की स्थिति में सबसे कमजोर सुधार को दर्शाता है।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

जीएसटी का 15 फीसदी बढ़ा कलेक्शन खजाने में आए 2 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली (एजेंसी)। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का कुल संग्रह अगस्त में सालाना आधार पर 14.8 प्रतिशत बढ़कर करीब दो लाख करोड़ रुपये हो गया। अप्रैल-जून तिमाही में शुल्क संबंधी चुनौतियों और पश्चिम एशिया संकट के बावजूद मजबूत आर्थिक गतिविधियों तथा खपत के दम पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के आधिकारिक आंकड़े जारी होने के एक दिन बाद आए अगस्त के जीएसटी संग्रह के आंकड़े साझा किए गए हैं। घरेलू लेनदेन से जीएसटी राजस्व 9.3 प्रतिशत बढ़कर 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। वहीं आयात से राजस्व 29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62,604 करोड़ रुपये हो गया। अगस्त में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 1,99,853 करोड़ रुपये रहा। कुल केंद्रीय जीएसटी संग्रह अगस्त में 38,413 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी संग्रह 46,316 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह 1.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। अगस्त में 'रिफंड' 68 प्रतिशत बढ़कर 31,795 करोड़ रुपये हो गया। समीक्षाधीन महीने में शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत की वृद्धि है।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	दि बल्लभगढ़ सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि.	दुग्ध संयंत्र, बल्लभगढ़ में बॉयलर अनुभाग के सभी प्रकार से संचालन एवं रखरखाव का कार्य।	01.09.2026 10.09.2026	रु. 50,000/-	https://etenders.hry.nic.in www.vitaindia.org.in	9968604717 vitablb@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48805/I/88/6 दि. 01.09.26

पूर्व रेलवे

निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-टीआरडी-ई-निविदा-087, दिनांक 28.08.2026, वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/टीआरडी, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-टीआरडी-ई-निविदा-087, कार्य का नाम** : "पूर्व रेलवे के मालदा मंडल में 2 वर्ष की अवधि के लिए पूरे टीआरडी/मालदा संगठन (मालदा टाउन, जंगीपुर रोड, बड़हरवा, साहिबगंज, सबौर, बाराहाट और जमालपुर में ओएचई सह पीएसआई डिपो के अंतर्गत) के लिए टीआरडी रखरखाव एवं ब्रेकडाउन गतिविधियों (ओएचई कार्य) की आउटसोर्सिंग"। **निविदा मूल्य :** रु. 5,08,53,034/-, **बयाना राशि:** रु. 10,17,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 08.09.2026 से 22.09.2026 को 15.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : वेबसाइट: www.ireps.gov.in सूचना पट:** वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (टीआरडी), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। MLD-184/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : X @EasternRailway
f @easternrailwayheadquarter

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एचएसएएमबी जीन्द	वर्ष 2026-27 के लिए एम.सी. सम्पत्तियां उचाना (ओजीएम/टीएमसी/ विस्तार मंडी, पीसी घोघरिया, धनखेड़ी और कबेरछा) जिला जीन्द की वार्षिक मरम्मत + 1 कार्य।	27.08.2026 03.09.2026	25,21,282/-	https://etenders.hry.nic.in	1681252003 eejnd38.hsamb@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48778/I/88/6 दि. 01.09.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हारट्रोन	सीआरआईडी की ओर से हरियाणा राज्य डेटा केंद्र (एचएसडीसी) के लिए एंड प्वाइंट डिटेक्शन और रेस्पोंस (ईडीआर) सोल्यूशन सहित एंड प्वाइंट इनक्रिप्शन और डीएलपी (डेटा हानि बचाव) की आपूर्ति एवं स्थापना।	01.09.2026 21.09.2026	95 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1722923376 sandeepwhartron-hry@gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48782/I/88/6 दि. 01.09.26

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ / एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक	2026_HBC_539417_1	तिथि 07.09.2026 अप. 16:00 बजे तक बढ़ाई गई खुलना 08.09.2026 पूर्वा. 11:30 बजे।	vitaindia@gmail.com	9896401185 vitarohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48801/I/88/6 दि. 01.09.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर ऑटोमेटेड पैरीमीटर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	31.08.2026 21.09.2026	20,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com
2	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर स्ट्रीक रेटिनोस्कोप की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	31.08.2026 21.09.2026	2,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com
3	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर डायरेक्ट ऑफ्थैल्मोस्कोप की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	31.08.2026 21.09.2026	11,50,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/48803/I/88/6 दि. 01.09.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर अध्यापन सहायता सहित माइक्रोस्कोप कैमरा तथा माइक्रोस्कोप प्रचालन के लिए ऑपरेटर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के लिए निविदा आमंत्रण सूचना	01.09.2026 22.09.2026	2,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com
2	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर आईओएल मास्टर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	01.09.2026 22.09.2026	5,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/48820/I/88/6 दि. 01.09.26

राशिफल

मेष: संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष: खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन: शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क: क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह: कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या: कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला: लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

वृश्चिक: संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

धनु: स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर: आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ: क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

मीन: किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

शब्द पहेली - 6335



बाएँ से दाएँ
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

ऊपर से नीचे
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

शब्द पहेली -6334 का हल





खबर संक्षेप

बैंक कर्मचारी संगठनों की हड़ताल 11 सितंबर को

नई दिल्ली। बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों के शीर्ष संगठन 'यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस' (यूएफबीयू) ने 11 सितंबर को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। यह हड़ताल पांच-दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने में देरी, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना में मतभेद और पेंशन संबंधी मुद्दों समेत विभिन्न लंबित मांगों को लेकर हो रही है। हड़ताल शुक्रवार के दिन प्रस्तावित है, जिसके बाद दो दिन बैंक अवकाश रहेगा।

छग पीसीएस 'घोटाला' मामले में ईडी का छापा

रायपुर। ईडी ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में कथित

अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के तहत राज्य में कई स्थानों पर छापे मारे। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पूर्व निजी सहायक (पीए) से जुड़े परिसर भी शामिल हैं। पीएमएलए के तहत जांच के सिलसिले में भिलाई, दुर्ग और रायपुर में 7 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

मोदी तस्वीर विवाद, राज के बेटे के खिलाफ एफआईआर

पुणे। पुणे के गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रधानमंत्री

की तस्वीर कथित तौर पर हटाए जाने के मामले में पुलिस ने मनसे के 2कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। पार्टी प्रमुख राज ठाकरे के बेटे और अमित समेत अन्य लोगों के खिलाफ संस्थान की दीवार से प्रधानमंत्री की तस्वीर कथित तौर पर हटाने पर मामला दर्ज किया था।

हजारे की हालत स्थिर, वह ठीक हो रहेः चिकित्सक

मुंबई। सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे की रक्त जांच रिपोर्ट में गुर्दे में संक्रमण के संकेत मिलने के बाद उन्हें मंगलवार को मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हजारे के एक सहयोगी ने यह जानकारी दी। चिकित्सक डॉ. गौतम भंसाली ने 'बताया कि हजारे की हालत स्थिर है और वह ठीक हो रहे हैं। उन्होंने बताया, "वह अब बेहतर और स्थिर हैं।" उनके सहयोगी दत्ता आवारी ने बताया कि 89 वर्षीय हजारे को सोमवार रात दक्षिण मुंबई स्थित बॉम्बे अस्पताल लाया गया।

मणिपुर में एनआरसी की मांग को लेकर बंद

इंफाल। मणिपुर में एनआरसी लागू करने की मांग को लेकर एक संगठन के आह्वान पर हुए 24 घंटे के बंद से मंगलवार को जनजीवन प्रभावित रहा। इस बीच मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने लोगों से बंद का आह्वान करने से बचने और दूसरे तरीकों से आंदोलन करने की अपील की। 'उचित एवं निष्पक्ष परिसीमन' (जेएफडी) अभियान ने जनगणना कराने से पहले एनआरसी को अद्यतन करने और लागू करने की मांग को लेकर 24 घंटे के बंद का आह्वान किया था। हालांकि, केंद्र सरकार ने सोमवार को राज्य में जनगणना की प्रक्रिया टाल दी थी। बाजार और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे।

दिल्ली में मुफ्त में लगाए जाएंगे सोलर सिस्टम

- 400 यूनिट तक बिजली खपत करने वालों लाभ
- संशोधित सोलर पॉलिसी को सरकार ने दी मंजूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अब दिल्ली के लाखों परिवारों के लिए बिजली के बिल को लेकर बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली कैबिनेट ने दिल्ली सोलर पावर पॉलिसी के दूसरे संशोधन को मंजूरी दे दी है। इसके तहत सरकार 2.30 लाख घरों की छतों पर मुफ्त रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाने जा रही है। खास बात यह है कि पात्र परिवारों को सिस्टम लगवाने के लिए शुरुआत में अपनी तरफ से कोई पैसा नहीं देना होगा। इस योजना का लाभ उन घरों को मिलेगा जिनकी औसत बिजली खपत 400 यूनिट तक है। पात्र घरों में 3 किलोवाट तक की क्षमता वाला रूफटॉप सोलर सिस्टम लगाया जाएगा। केंद्र और दिल्ली सरकार से मिलने वाली सब्सिडी के बाद सिस्टम की लागत में जो अंतर बचेगा, उसे दिल्ली सरकार खुद वहन करेगी। सरकार ने आवासीय रूफटॉप सोलर सिस्टम के लिए आवेदन और रजिस्ट्रेशन फीस भी पूरी तरह खत्म कर दी है। यानी लोगों को आवेदन करने या रजिस्ट्रेशन कराने के लिए एक रुपये का भी शुल्क नहीं देना होगा।

चिराग पासवान को मिली जान से मारने की धमकी

- गृह मंत्रालय से सुरक्षा बढ़ाने की मांग
- जेड श्रेणी की सुरक्षा में हैं, धमकी से चिंता बढ़ी

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को मंगलवार को धमकी भरा पत्र मिला, जिसमें कहा गया कि उन्हें 'आतंकवादियों द्वारा मार दिया जाएगा'। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग

मंत्री के कार्यालय ने गृह मंत्रालय से इस संबंध में गहन जांच कराए जाने की भी मांग की। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान को फिलहाल 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। पासवान के अतिरिक्त निजी सचिव आलोक कुमार सिंह ने गृह सचिव गोविंद मोहन को लिखे पत्र में कहा, "आज मंत्रालय को बिना हस्ताक्षर वाला एक पत्र मिला, जिसमें दो मोबाइल नंबर थे। इसे खोलने पर पता चला कि इसमें खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री की जान को सीधा खतरा होने की धमकी दी गई थी।" उन्होंने कहा कि धमकी भरे संदेश में कहा गया कि खूंखार आतंकवादियों द्वारा जल्द ही "आपकी हत्या कर दी जाएगी"। पत्र में लिखी गई बातें, खासकर धमकी का सीधा अंदाज और 'खूंखार आतंकवादियों' का जिक्र, बहुत चिंता की बात है और इससे मंत्री की सुरक्षा को लेकर गंभीर आशंकाएं पैदा होती हैं।

भोपाल में सीलिंग के खिलाफ व्यापारियों ने निकाला मार्च

सीएम हाउस की ओर कूच पर पुलिस से झड़प

भोपाल। राजधानी के रहवासी इलाकों में व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नगर निगम की सीलिंग कार्रवाई को लेकर व्यापारियों का गुस्सा मंगलवार को सड़क पर उतर आया। भोपाल चैंबर ऑफ कॉमर्स के बैनर तले सैकड़ों कारोबारियों ने न्यू मार्केट से मुख्यमंत्री आवास की ओर कूच किया। रोशनपुरा चौराहे पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। रास्ता रोकने को लेकर व्यापारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई, जिसमें कुछ प्रदर्शनकारी नीचे गिर गए। कारोबारियों ने सीलिंग कार्रवाई को तत्काल रोकने और मुख्यमंत्री से सीधे मुलाकात की मांग की।

थाली-शंख और डमरू बजाकर जताया विरोध

प्रदर्शन के दौरान व्यापारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने थाली, शंख और डमरू बजाकर अपना विरोध दर्ज कराया। आंदोलन में एक व्यापारी महात्मा गांधी की वेशभूषा में भी शामिल हुआ।

देशभर के कई राज्यों में बारिश से जनजीवन बेहाल, मौसम विभाग का अलर्ट जारी

असम से उत्तराखंड तक बारिश का कहर, देहरादून में बहीं कारें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड समेत देश के कई राज्यों में अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश की मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। कई राज्यों के प्रशासन को भी सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए हैं

देश के कई राज्यों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित है। असम से उत्तराखंड तक बारिश कहर बरपा रही है। वहीं उत्तराखंड में भी जमकर बारिश हो रही है। वहीं देहरादून में कारें तक बह गईं और लोगों के घरों में पानी घुस गया है। इसके साथ ही गुवाहाटी से लेकर भागलपुर, देहरादून, प्रयागराज और अल्मोड़ा तक बारिश के कारण जलभराव, नदियों का बढ़ता जलस्तर, तट बहाव और भूस्खलन जैसी घटनाएं सामने आई हैं। पहाड़ी इलाकों में लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। भूस्खलन (लैंडस्लाइड) के कारण कई जगह रास्ते बंद हो गए हैं।

- देहरादून में कार बरसाती नदी में बह गई। इसमें दो की मौत हो गई, एक लड़की का रेस्क्यू किया।
- अल्मोड़ा में पहाड़ी से आया मलबा घर में घुस गया। तीन लोग की मलबे में दबने से मौत हो गई।
- उन्नाव में भारी बारिश के बाद गंगा एक्सप्रेसवे का हिस्सा धंसा
- राजौरी में भारी बारिश के कारण छह बच्चों समेत कम से कम 10 लोगों को बचा लिया गया।
- चित्रकूट में बाढ़ से 80 घर गिरे
- बिहार के बेगूसराय में गंगा की बाढ़ में करीब 50 हजार लोग घिरे

उत्तर प्रदेश में गंगा-यमुना उफान पर

» उत्तर प्रदेश में गंगा-यमुना उफान पर, प्रयागराज में बाढ़ का खतरा बढ़ा

» अल्मोड़ा में मकान में घुसा मलबा, दो महिलाओं की मौत

गुवाहाटी में भूस्खलन से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

गुवाहाटी (भाषा)। असम के गुवाहाटी में मंगलवार को भूस्खलन के कारण एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि घटना शहर के माथघरिया इलाके में उस समय हुई, जब परिवार के लोग घर में सो रहे थे। उन्होंने कहा, "भूस्खलन के कारण दंपति और उनकी बेटी की मौत हो गई। शवों को निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना में दंपति का बेटा घायल हो गया और उसे गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है।" अधिकारियों ने बताया कि सोमवार देर रात से इलाके में भारी बारिश हो रही है और संभवतः इसी के कारण भूस्खलन हुआ।

उधर, नेपाल में भारतीय दूतावास ने शवों की शिनाख्त के लिए दिशा-निर्देश जारी किए

नेपाल में स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीय परिवारों को उनके प्रियजनों के शवों की पहचान करने में सहायता के लिए चरण-दर-चरण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। दूतावास ने बताया कि नेपाल सरकार मृतकों की तस्वीरें और विवरण जारी कर रही है, जिन्हें वेबलिंक के माध्यम से देखा जा सकता है। यदि कोई परिवार तस्वीरों के माध्यम से शव की पहचान करने में सक्षम होता है, तो दूतावास स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करके पार्थिव शरीर सौंपने और स्वदेश वापसी की प्रक्रिया में पूरी मदद करेगा।

डीएनए और फोरेंसिक सैंपल मिलान जरूरी

दूतावास ने कहा कि नेपाल सरकार ने शवों को अस्थायी रूप से दफनाया है। ऐसे शवों की पहचान के लिए प्रथम-श्रेणी के रिश्तेदारों के साथ डीएनए मिलान की आवश्यकता होगी। नेपाली अधिकारी डीएनए प्रोफाइल बनाने के लिए शवों से डीएनए के नमूने ले रहे हैं। मिलान के लिए, मृतकों के करीबी रिश्तेदार अपना डीएनए प्रोफाइल ईमेल dna-codis@nepalpolice.gov.np पर भेज सकते हैं या नेपाली अधिकारियों द्वारा मांगी गई प्रारंभिक जानकारी के साथ अपने खून के नमूने दे सकते हैं।

बंगालः महुआ मोइत्रा को दिखाए काले झंडे

तृणमूल के बागी विधायक पर उठाई उंगली

भाषा ▸▸ छपरा (पश्चिम बंगाल)

महुआ और बागी विधायक जाबेर शेख में तीखी बहस

पश्चिम बंगाल में नादिया जिले के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र के छपरा इलाके में पहुंची तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा को विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। इस दौरान कुछ लोगों ने महुआ की गाड़ी को कथित तौर पर घेर लिया, उन्हें काले झंडे दिखाए और 'वापस जाओ' के नारे लगाए। यह घटना उस समय हुई, जब महुआ मोइत्रा पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए छपरा में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होने गई थीं। विरोध के बाद महुआ मोइत्रा और तृणमूल के बागी स्थानीय विधायक जाबेर शेख के बीच तीखी बहस भी हुई। जाबेर शेख अब विपक्ष के नेता शुभेंदु ऋतव्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले बागी गुट के साथ हैं। महुआ मोइत्रा ने बाद में कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक बहुत सफल रही।

बर्खास्त डीएसपी संधू को हाईकोर्ट से राहत

पंजाब सरकार के आदेश को किया रद्द

एजेंसी ▸▸ चंडीगढ़

जेल से लॉरेंस के इंटरव्यू मामले में हुआ था एक्शन

2025 को किया था बर्खास्त

गैंगस्टर लॉरेंस साक्षात्कार मामले में निलंबित चल रहे पंजाब पुलिस के बर्खास्त डीएसपी गुरशेर सिंह संधू को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है।

हाई कोर्ट ने संधू की सेवा से बर्खास्तगी से संबंधित पंजाब सरकार के आदेश को रद्द कर दिया है। गृह विभाग के तत्कालीन सचिव गुरकीरत कृपाल सिंह की ओर से 30 जनवरी 2025 को जारी आदेश के तहत गुरशेर सिंह संधू को सेवा से बर्खास्त किया गया था। सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए कहा था कि लॉरेंस बिश्नोई के साक्षात्कार के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने से पंजाब पुलिस विभाग की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा। बर्खास्तगी के आदेश में सरकार ने कहा था कि डीएसपी का कृत्य पुलिस आचरण नियमों का उल्लंघन था।

अमृतसर में प्रॉपर्टी विवाद में जिंदा जलाकर मार डाला

एजेंसी ▸▸ अमृतसर

80 फीसदी तक झुलस गया था बहन व जीजा कपर केस दर्ज

10-15 वर्ष से चल रहा विवाद

पंजाब के अमृतसर में लंबे समय से चले आ रहे प्रॉपर्टी विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। रामतीर्थ रोड के पास संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलसे व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान पलविंदर सिंह के रूप में हुई है। घटना 31 अगस्त की बताई जा रही है। पुलिस के मुताबिक पलविंदर सिंह करीब 70 से 80 फीसदी तक झुलस गए थे। मामले में पुलिस ने मृतक की बहन सुमन बाला और जीजा प्रेम सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के बेटे हरमनदीप सिंह ने बताया कि उनके दादा शाम सिंह की प्रॉपर्टी को लेकर उनकी बुआ सुमन बाला और फूफा प्रेम सिंह के साथ करीब 10 से 15 साल से विवाद चल रहा था। परिवार का आरोप है कि प्रॉपर्टी को लेकर उन्हें लगातार परेशान किया जा रहा था और घर खाली करने का दबाव बनाया जा रहा था। यह मामला कोर्ट तक भी पहुंचा हुआ बताया जा रहा है।

हजारों ने शिक्षा मंत्रालय को दिया प्रतिवेदन

जेईई-एडवांस्ड में तीन प्रयास की मांग तेज

भाषा ▸▸ नई दिल्ली

दो वर्षों में अधिकतम दो बार जेईई-एडवांस्ड देने की अनुमति

देशभर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में दाखिले की तैयारी कर रहे छात्र मांग कर रहे हैं कि प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश का रास्ता मानी जाने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई)-एडवांस्ड में शामिल होने के अवसरों की संख्या दो से बढ़ाकर तीन की जाए। फिलहाल अभ्यर्थियों को लगातार दो वर्षों में अधिकतम दो बार जेईई-एडवांस्ड देने की अनुमति है। पहला प्रयास 12वीं कक्षा पास करने वाले वर्ष में और दूसरा प्रयास उसके अगले लगातार वर्ष में किया जा सकता है। बारह हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्रालय, आईआईटी परिषद और संयुक्त प्रवेश बोर्ड (जेएबी) से मांग की है कि जेईई-एडवांस्ड में शामिल होने के अवसरों की संख्या बढ़ाकर तीन की जाए, या फिर दो प्रयासों की अनुमति तीन लगातार वर्षों में दी जाए।

आरबीआई की जांच जारी, तीन अफसरों समेत 4 लोगों पर केस भी दर्ज

सहारनपुर : बैंक में 17 करोड़ के जाली नोट मिलने से हड़कंप

एजेंसी ▸▸ सहारनपुर

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की करेंसी चेस्ट में करीब 17 करोड़ रुपये के नकली नोट मिले हैं। बैंक ऑडिट के दौरान यह मामला सामने आया। आशंका है कि जाली नोट करेंसी चेस्ट में जमा कराकर उनके बदले असली नोट निकाल लिए गए। इसके बाद मंगलवार सुबह 8 बजे आरबीआई के 6 अफसर दो गाड़ियों से पहुंचे। 4 घंटे से बैंक के अंदर हैं। सूत्रों के मुताबिक बैंक कर्मचारियों से पूछताछ कर रहे हैं। इस मामले में अब तक 3 अफसरों को सस्पेंड किया गया है। पीएनबी मेरठ के चीफ मैनेजर और जांच अधिकारी अरुण कुमार चौबे की शिकायत पर तीन अफसरों समेत 4 लोगों के खिलाफ केस भी दर्ज किया गया है। बैंक को यह रकम आरबीआई के जयपुर करेंसी चेस्ट भेजनी थी। तय प्रक्रिया के तहत रकम 5 अगस्त को जयपुर भेजी गई। वहां नोटों की गिनती हुई तो 4 लाख 30 हजार 900 कम मिले। जयपुर करेंसी चेस्ट ने इसकी जानकारी मेरठ पीएनबी के अधिकारियों को दी गई।

असली निकालकर नकली डाले, एसआईटी जांच शुरू

हरियाणा-उत्तराखंड तक दबिश जारी

सहारनपुर की पीएनबी ब्रांच से जयपुर भेजी गई रकम में कमी मिलने के बाद मामले का खुलासा हुआ। कुछ दिन पहले इसी पीएनबी शाखा में पार्टटाइम हाउसकीपर विशाल कुमार को करेंसी चेस्ट में 11.50 करोड़ की नोटों की गड्डियां व्यवस्थित करने का काम दिया गया था। इनमें गले, कटे और दूसरे तरह के नोट शामिल थे। आरोपियों की तलाश में पुलिस हरियाणा, उत्तराखंड और आसपास के जिलों में दबिश दे रही है। दो नामजद बैंक प्रबंधक यमुनानगर के रहने वाले बताए गए हैं। जांच आगे बढ़ने पर मामले में शामिल अन्य के नाम भी सामने आ सकते हैं।

उप्र : कौशांबी पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट मामला

हादसे में मृतकों की संख्या 15 हुई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लखनऊ/दिल्ली

विभागीय कार्रवाई में 12 पुलिसकर्मी सस्पेंड

उत्तर प्रदेश के कौशांबी में हुए पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट में मृतकों की संख्या बढ़ी है। अब यह संख्या बढ़कर 15 हो गई, जिसमें 10 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा चार पुरुष और एक महिला भी शामिल है। बताया जा रहा है कि इस दर्दनाक हादसे में चार मृतक एक ही परिवार के हैं। दो परिवार के तीन-तीन सदस्यों की जान गई। तीन गंभीर घायलों को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में वेंटीलेटर पर रखा गया है। अभी मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। इस प्रकरण में लापरवाही पर 12 पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। आईजी रेंज अजय कुमार मिश्रा ने एक इंस्पेक्टर और थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी समेत छह दारोगाओं को निलंबित किया है। एसपी कौशांबी ने पांच सिपाहियों को निलंबित किया है।

मुख्य आरोपी गिरफ्तार

पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट के मुख्य आरोपी और फैक्टरी मालिक नौशाद को मंगलवार तड़के पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को खुद संज्ञान लेने को सही ठहराया

सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी शिवसेना पार्षद को नहीं दी जमानत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

डॉक्टरों पर हमले को हल्के में नहीं लिया जा सकता हमला करने वाले को जमानत का हक ही नहीं बनता

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि बॉम्बे हाईकोर्ट का खुद से मामले का संज्ञान लेना सही था। जुलाई में ठाणे जिले के एक नगर निगम अस्पताल में डॉक्टरों के साथ मारपीट के आरोपी शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर रोक लगाना को सही ठहराया है।

जस्टिस विक्रम नाथ, ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह और संदीप मेहता की पीठ ने यह भी कहा कि डॉक्टरों पर हमला करने वाले जमानत के हकदार नहीं हैं। यह टिप्पणी उस बेंच ने की जो हाईकोर्ट के आदेशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें म्हात्रे की याचिका भी शामिल थी।

याचिकाकर्ताओं ने दी दलील

हाईकोर्ट ने कथित मारपीट के मामले में तीन अन्य आरोपियों को भी जमानत दे दी थी, जिससे भारी आक्रोश फैल गया था। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश एक वकील ने तर्क दिया कि हाईकोर्ट की ओर से 18 जुलाई को पारित आदेश गलत था। पीठ ने कहा कि यह एक ऐसा मामला है, जिसमें हाईकोर्ट का खुद संज्ञान लेना और जमानत पर रोक लगाना पूरी तरह से सही था। जो लोग मेडिकल क्षेत्र के लोगों का सम्मान नहीं करते, वे इसके हकदार नहीं हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि डॉक्टरों (जिनमें एक महिला डॉक्टर भी शामिल थीं) के साथ मारपीट की गई थी और घटना का वीडियो वायरल हो गया था।

नाबालिग पत्नी से संबंध बनाना पॉक्सो के तहत अपराधः केरल हाईकोर्ट

मुस्लिम पर्सनल लॉ का हवाला देकर आरोपी बच नहीं सकता

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने 17 साल की लड़की से रेप के आरोपी व्यक्ति के खिलाफ दर्ज केस रद्द करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने साफ कहा कि नाबालिग से शादी करना आरोपी को कानूनी कार्रवाई से नहीं बचा सकता। जस्टिस जोबिन सेबेस्टियन ने 19 अगस्त 2026 के आदेश में यह फैसला सुनाया। आरोपी ने कोर्ट में दावा किया था कि नाबालिग लड़की उसकी कानूनी पत्नी है और दोनों की शादी मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 375 और पॉक्सो एक्ट, 2012 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने शादी का हवाला देते हुए केस खत्म करने की मांग की थी।

चिंतन

बच्चों के हित में सुप्रीम फैसला

बच्चों के हित में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। इससे नीट-यूजी विवाद में उलझे हजारों विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। 20 से 25 जुलाई के प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में सभी प्राथमिकी रद्द करने और इसी अवधि के प्रदर्शनों के संबंध में नई प्राथमिकी दर्ज न करने का आदेश यह बताता है कि कानून के साथ मानवीय संवेदनशीलता भी जरूरी है। प्रश्नपत्र लीक या परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका से पहले ही विद्यार्थियों का भरोसा डगमगाता है, ऐसे में विरोध करने वाले युवाओं पर मुकदमों का बोझ डालना उनके भविष्य को और संकट में डाल सकता है। अब सरकार की असली जिम्मेदारी परीक्षा व्यवस्था में भरोसा बहाल करने की है। न्यायिक राहत तभी सार्थक होगी, जब नीट जैसी परीक्षाओं में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो। नीट कोई सामान्य परीक्षा नहीं है। इसके लिए विद्यार्थी वर्षों तक दिन-रात मेहनत करते हैं। ऐसे में प्रश्नपत्र लीक होने या परीक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी की खबर विद्यार्थी के लिए सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि उसकी वर्षों की मेहनत पर सीधा आघात होती है। जब व्यवस्था पर भरोसा टूटता है तो आक्रोश स्वाभाविक है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध इसी आक्रोश को व्यक्त करने का संवैधानिक रास्ता है। हालांकि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 2,873 लोगों के खिलाफ नए मामले दर्ज करने की अनुमति देकर अदालत ने यह संदेश दिया है कि आंदोलन की आड़ में कानून तोड़ने वालों को संरक्षण नहीं दिया जा सकता। लोकतांत्रिक अधिकार अराजकता का लाइसेंस नहीं हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शन और हिंसा, तोड़फोड़ अथवा गंभीर आपराधिक कृत्य के बीच फर्क करना जरूरी है। कानून का शासन तभी मजबूत होगा, जब अधिकार और जिम्मेदारी दोनों साथ चलेंगे। इस पूरे प्रकरण में सरकार और प्रशासन को भी आत्ममंथन करना चाहिए। जब मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और दिल्ली पुलिस के साथ महाराष्ट्र, असम, बिहार तथा पश्चिम बंगाल की ओर से प्राथमिकी रद्द करने की मांग की गई, तो सवाल उठता है कि यह समाधान पहले क्यों नहीं खोजा गया? किसी विद्यार्थी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना उसके लिए वर्षों तक चलने वाला मानसिक दबाव बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट का आत्महत्या करने वाले नीट अभ्यर्थियों के परिवारों के लिए देशव्यापी मुआवजा नीति बनाने का निर्देश इस पूरे विवाद का सबसे संवेदनशील पहलू है। सरकार की यह जिम्मेदारी जरूर है कि ऐसी त्रासदियों को केवल आंकड़ों में बदलने के बजाय उनके पीछे छिपे दर्द को समझे। प्राथमिकी रद्द होना तत्काल राहत है, लेकिन नीट की विश्वसनीयता बहाल करना असली चुनौती है। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिसमें विद्यार्थी को न्याय के लिए आंदोलन का सहारा लेने की नौबत ही न आए। परीक्षा व्यवस्था जितनी पारदर्शी होगी, उतना ही विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा मजबूत होगा। इस फैसले के बाद 5 सितंबर का प्रस्तावित मार्च वापस लिया जाना भी सकारात्मक संकेत है। इसका अर्थ है कि टकराव के बीच भी संवाद का रास्ता खुला रह सकता है। असहमति लोकतंत्र का संकट नहीं है; असहमति को सुनने से इनकार करना संकट जरूर बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने विद्यार्थियों को मुकदमों के बोझ से राहत देकर एक जरूरी संदेश दिया है। युवा केवल परीक्षा देने वाले चेहरे नहीं, देश का भविष्य हैं। उनकी मेहनत पर सवाल उठे तो व्यवस्था को जवाब देना होगा। न्याय की सबसे बड़ी कसौटी यही है कि देश का हर विद्यार्थी यह भरोसा लेकर परीक्षा दे कि उसकी मेहनत सुरक्षित है और व्यवस्था उसके साथ खड़ी है।

भागवत के अमेरिकी कार्यक्रम के फलितार्थ

मुद्दा
अवधेश कुमार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉक्टर मोहन भागवत का न्यूयॉर्क के मैनहटन स्थित मेडिसन स्क्वायर गार्डन कार्यक्रम की सफलता से अमेरिका से लेकर भारत तक के विरोधियों को बिना कोई प्रतिक्रिया दिए सटीक उत्तर मिल गया है। भारत में नेताओं ने कार्यक्रम के पूर्व अपने बयानों से इसके विरोध में माहौल बनाने की कोशिश की। दूसरी ओर अमेरिका में कुछ संगठनों ने जितना संभव हुआ, कार्यक्रम को ही रोकने की कोशिश की। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने खुलकर विरोध किया। ममदानी ने कहा कि एक ऐसे आंदोलन का उभार देखना बेहद परेशान करने वाला है, जो एक बहिष्कारवादी सोच पर आधारित है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉक्टर मोहन भागवत का न्यूयॉर्क के मैनहटन स्थित मेडिसन स्क्वायर गार्डन कार्यक्रम की सफलता से अमेरिका से लेकर भारत तक के विरोधियों को बिना कोई प्रतिक्रिया दिए सटीक उत्तर मिल गया है। भारत में नेताओं ने कार्यक्रम के पूर्व अपने बयानों से इसके विरोध में माहौल बनाने की कोशिश की। दूसरी ओर अमेरिका में कुछ संगठनों ने जितना संभव हुआ, कार्यक्रम को ही रोकने की कोशिश की। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने खुलकर विरोध किया। ममदानी ने कहा कि एक ऐसे आंदोलन का उभार देखना बेहद परेशान करने वाला है, जो एक बहिष्कारवादी सोच पर आधारित है। यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम ने अमेरिकी सरकार से संघ के सदस्यों पर प्रतिबंध लगाने और भारत में कथित धार्मिक स्वतंत्रता उल्लंघनों को लेकर मोहन भागवत का वीज़ा रद्द करने तक पर विचार करने का आग्रह कर दिया।

भारत के विदेश मंत्रालय ने तुरंत आयोग की टिप्पणियों को ख़ारिज करते हुए इसे पक्षपाती और विश्वसनीयता से रहित संस्था बताया था। वॉशिंगटन स्थित इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल ने ऐसा वैन निकाला जिसमें वीडियो स्क्रीन लगा था और जो मैनहैटन की सड़कों पर घूमकर कार्यक्रम के विरुद्ध प्रचार कर रहा था। हालांकि इसका परिणाम हुआ कि अमेरिकी मीडिया में इस कार्यक्रम को बिना कोशिश के लगातार कवरेज प्राप्त हो गया। ऐसा नहीं था कि सब कुछ एकपक्षीय था। उदाहरण के लिए अमेरिकी गायिका मैरी मिलबेन ने 'एक्स' पर पोस्ट कर मदनानी और विरोधियों की आलोचना की। ऐसी प्रतिक्रिया देने वाले और भी कई अमेरिकी प्रसिद्ध व्यक्तित्व थे। वस्तुतः इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकन 'हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग' फोरम ने किया था। संगठन ने बयान जारी कर बताया कि यह कार्यक्रम 200 से अधिक हिंदू-अमेरिकी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है और इसका आधार वसुधैव कुटुम्बकम है। विरोध अभियानों के विपरीत आयोजक की एक प्रवक्ता ने मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि इसका मतलब है कि हमारे बीच गहरे मतभेद भी हो सकते हैं, लेकिन फिर भी हम संवाद, सम्मान और अपनी साझा मानवता को चुन सकते हैं। यह एक बयान ही दोनों पक्षों के चरित्र में गुणात्मक अंतर को दर्शाने वाला था। अब जरा कार्यक्रम की ओर आयें। संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष है और इसके तहत देश और विदेश दोनों जगह कार्यक्रम हो रहे हैं। इसका विषय क्या था? यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन यानी 'एक विश्व - एक मानवता उत्सव'। आप सोचिए, आज विश्व के संदर्भ में संपूर्ण विश्व की विविधताओं के बीच एकता के उत्सव से बड़ा विश्व कल्याण की दृष्टि से प्रासंगिक कार्यक्रम क्या हो सकता था? संघ के प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने अधिकृत बयान में स्पष्ट किया कि कार्यक्रम का आयोजन खुले संवाद की भावना से किया गया है। सरसंघचालक अलग-अलग संस्कृतियों और धर्मों से जुड़े लोगों के सामने अपनी बात रखेंगे। यह कार्यक्रम खुले संवाद और एक-दूसरे के सम्मान की भावना से आयोजित किया गया है जो भारतीय' विचार को दर्शाता है। कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ - साथ 30 देशों के, 16 विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि 180 से अधिक आध्यात्मिक / धार्मिक क्षेत्र के



प्रमुख लोग भी थे। वास्तव में भागवत ने अपने संबोधन में उसी भाव को सामने रखा जो कार्यक्रम का उद्देश्य बताया गया। यहां उनमें विस्तार से नहीं जा सकते किंतु कुछ पंक्तियों का उल्लेख आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र केवल भौगोलिक इकाइयां नहीं एक दायित्व का निर्वाह करते हैं। भारत का दायित्व है कि वह विविधता में एकता के इस सत्य का साक्षात्कार करे और समय-समय पर संसार को भी इस सत्य का साक्षात्कार कराए। वननेस क्या है, इसका उत्तर देते हुए भागवत ने कहा कि भौतिक सुख स्थायी सुख या समाधान नहीं हैं। सच है कि केवल भौतिक सुख और उपलब्धियों के कारण ही व्यक्ति, समाज , राष्ट्रों के बीच समस्याएं बढ़ीं हैं। मैं आप में हूं, और आप मेरे में हैं, हम सब एक दूसरे में समाये हैं, यही वननेस है। भारतीय होने के नाते हमें संपूर्ण विश्व के कल्याणार्थ इस विचार को अपने आचरण से फैलाना है। आप सोचिए, इस तरह के संबोधन में किस पहलू का विरोध हो सकता है? अमेरिका की धरती पर उन्होंने यह भी कहा कि विश्व में दो प्रकार के लोग हैं। एक कहते हैं, 'जियो और जीने दो'। दूसरे कहते हैं कि 'मात्र उन्हीं को जीने का अधिकार हैं, जो हमारी बात मानते हैं। हम उन्ही की रक्षा करेंगे, जो हमारे मत को मानेगा'। हिंदुत्व या हिंदू विचार या भारतीय विचार किसी को भी तीखा बोलकर विरोधी बनाने या चोट पहुंचाने की बात नहीं करता बल्कि सकारात्मक बातों से उसकी सोच बदलने का रास्ता दिखाता है। यही उन्होंने अमेरिका की भूमि से संदेश दिया। सभी धर्म के प्रति सम्मान के साथ कोई यह सोचे या चाहे कि दूसरे पंथ के लोग उसके देश में वह हिंदू नहीं हो सकता। कोई भारत में पैदा हुआ या मूल रूप से भारतीय है वह अमेरिका में रहता है तो वह कैसा व्यवहार करें? उन्होंने कहा कि जो लोग भारत से बाहर दूसरे देशों में बसे हैं, वह देश उनकी कर्मभूमि हैं। अगर हम अमेरिका में हैं तो अमेरिका का ही हिस्सा हुए।

हमें अपनी कर्मभूमि के प्रति पूरी तरह प्रामाणिक रहना चाहिए। किंतु क्योंकि आप भारतवंशी है, वह आपके पुरखों की जन्मभूमि हैं। इसलिए भारत के लिए कुछ करना संभव है तो अवश्य करें, किंतु आपकी जन्मभूमि आपसे अपेक्षा करती है कि जिन मूल्यों को लेकर आपका, आपके पुरखों का जीवन बना है, उन मूल्यों के साथ आप अपनी कर्मभूमि में कार्य करें। सच कहें तो संघ, हिंदुत्व, हिंदू और भारत के वास्तविक व्यापक दृष्टिकोण को रखकर भावगत में विरोधियों को निःशब्द किया। किंतु जिन्हें कुछ मानना ही नहीं है और जिनके अंदर रोग के स्तर पर संघ का विरोध है, वह न पहले माने हैं न आगे मानेंगे। वे जो कुछ बोलते हैं, प्रचारित करते हैं, लिखते हैं, वह सब झूठ पर आधारित होता है। सीमाओं के बाहर कोई भी व्यक्ति भले किसी संगठन और विचार का हो अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा होता है। इस रूप में भागवत का उद्बोधन संघ संगठन की सीमाओं तक सीमित न होकर भारतीय विचार और भारत के पक्ष को सही संदर्भ में रखने वाला माना जाएगा, तो हम इसे ही संघ का चरित्र और ध्येय क्यों नहीं माने। वस्तुतः कोई माने या ना माने, संघ के शीर्ष पदाधिकारी हमेशा इसी विचार को आगे बढ़ने का वक्तव्य देते और आचरण करते दिखते हैं। इसीलिए आप देखेंगे कि इतने विरोध और निंदा के बावजूद सामान्यतः वे इनका उत्तर देने या खंडन करने का व्यवहार नहीं अपनाते। भारत में संघ का अभी तक यही चरित्र रहा है और विश्व के कार्यक्रमों के संदर्भ में भी किसी विरोध के प्रत्युत्तर की कोई कोशिश तक नहीं हुई। यह ऐसा व्यवहार है जिससे देश और विदेश के विरोधियों को सीखना चाहिए। इसी से संघ का समर्थन लगातार बढ़ता है। अमेरिका में उस तरह का कार्यक्रम स्वयं उन संगठनों के वश की बात नहीं जो विरोध का झंडा उठाए हुए थे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श

प्रो आर.सी. कुहाड़



मेरी बोली : मेरा अभिमान

भारत की आज़ादी के अस्सी वर्ष पूरे होने को हैं। ये अस्सी वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता-संघर्ष, राष्ट्र-निर्माण और विकास-यात्रा के गहरे पड़ाव हैं। इन वर्षों में हमने क्या खोया, क्या पाया और कहां से कहां पहुंचे, इसका निष्पक्ष मूल्यांकन ही हमारी आजादी की यात्रा को समझने में सहायक हो सकता है। साथ ही यह प्रश्न भी हमारे सामने है कि हमें कहां जाना है और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा भारत रचने का संकल्प लेना है। स्वतंत्रता का यह अवसर हमें अपनी संस्कृति, परम्पराओं, मूल्यों और भाषायी विरासत का स्मरण कराते हुए राष्ट्र के भविष्य-निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान देने की प्रेरणा देता है। आज़ादी का वास्तविक अर्थ क्या है, यह प्रश्न आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कभी था। संविधान की प्रस्तावना में निहित "हम भारत के लोग" जैसे शब्द लोकतंत्र, समानता, सहभागिता और सामूहिक उत्तरदायित्व के अनेक अर्थ अपने भीतर समेटे हुए हैं। इसलिए प्रश्न केवल यह नहीं कि हम आज़ादी का उत्सव कैसे मनाएं, बल्कि यह भी है कि हम उसके वास्तविक उद्देश्यों को अपने जीवन और समाज में किस प्रकार साकार करें। जब मैं आम आदमी की बात करता हूँ, तो मेरा ध्यान सहज ही उसकी बोली-वाणी की ओर चला जाता है,उस बोली की ओर जिसे हम अपना अभिमान और दूसरे शब्दों में अपना स्वाभिमान कह सकते है और आज के इस विमर्श का विषय "मेरी बोली : मेरा अभिमान" मनुष्य और सभ्यता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। 'मेरी बोली' से अभिप्राय उन सभी भाषाओं और बोलियों से है जो सबसे पहले हमें बोलना सिखाती हैं। बोली के बिना हमारी पहचान अधूरी रह जाती है। बोली है, इसलिए हम अपनी परम्पराओं से जुड़े रहते हैं। बोली के माध्यम से ही हम अपनी परम्पराएँ अगली पीढ़ियों तक पहुंचाते हैं। जिस प्रकार वृक्ष अपनी जड़ों से पोषण पाकर हरा-भरा रहता है, उसी प्रकार मनुष्य और समाज अपनी भाषा और बोली से सांस्कृतिक ऊर्जा प्राप्त करते हैं। अपनी ही भाषा में शिक्षा अधिक सहज और प्रभावी होती है। जटिल विषयों को भी अपनी भाषा में सरलता से समझाया जा सकता है। भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, ज्ञान को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने का सशक्त साधन भी है। भारत विविधताओं का देश है। "कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी", यह कहावत हमारी भाषायी विविधता की सुंदरता को अभिव्यक्त करती है। 1961 की जनगणना के अनुसार भारत में 1652 भाषाएं और बोलियां बोली जाती थीं। आज भी अनेक बोलियां अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। कुछ बोलियों में बोलने वालों की संख्या बहुत कम रह गई है। भाषा बहते जल के समान है। जो बोली समय और समाज के साथ संवाद बनाए नहीं रख पाएगी, उसके सामने धीरे-धीरे विलुप्त होने का खतरा बना रहता है। इन बोलियों का मूल स्वरूप, लोक-साहित्य, लोक-स्मृति और सांस्कृतिक खजाना तभी सुरक्षित रह सकता है, जब हम सामूहिक प्रयास करें। बोलियों के साहित्य और मौखिक परम्पराओं को नए माध्यमों से सामने लाना आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं के महत्व को उचित स्थान दिया गया है। त्रिभाषा सूत्र का मूल उद्देश्य भाषायी विविधता को समझना और विभिन्न भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। बोली और भाषा में सुरक्षित विशाल साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना आवश्यक है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भाषा और बोली के संरक्षण, प्रयोग और विकास में भूमिका निभानी चाहिए। आज, जब हम स्वतंत्रता के अस्सीवें वर्ष की ओर बढ़ रहे हैं, "मेरी बोली : मेरा अभिमान" का विचार और अधिक प्रासंगिक हो गया है। वैश्वीकरण, इंटरनेट, सोशल मीडिया, डिजिटल शिक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने संचार की सीमाएं लगभग समाप्त कर दी हैं। यह परिवर्तन चुनौती भी है और अवसर भी। यदि हमारी बोलियां डिजिटल दुनिया में दर्ज नहीं होंगी, यदि उनमें साहित्य, लोककथाएं, गीत, कहावतें और ज्ञान सुरक्षित नहीं किया जाएगा, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक स्मृतियों के एक महत्वपूर्ण हिस्से से वंचित हो सकती हैं। अपनी बोली को बचाने का अर्थ केवल उसे बोलते रहना नहीं, बल्कि उसे लिखना, पढ़ना, शोध का विषय बनाना,संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी है। अपनी बोली से प्रेम करना किसी दूसरी भाषा का विरोध नहीं है। भारत की शक्ति उसकी भाषायी विविधता में निहित है। अंग्रेज़ी, हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करते हुए अपनी मातृबोली को भी सम्मान देना चाहिए। हम संकल्प लें कि अपनी बोली को केवल घर तक सीमित नहीं रखेंगे। उसे शिक्षा, साहित्य, शोध, तकनीक और डिजिटल संसार में भी सम्मानजनक स्थान दिलाएंगे। यही हमारी भाषायी विरासत के प्रति सच्चा सम्मान, हमारी स्वतंत्रता का सार्थक उत्सव और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी होगी।

(लेखक एनआईआईएलएम कैथल के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आध्यात्मिक चेतना क्या है



संकलित
दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव

संकलित
प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

अंतर्मन



आज की पाती

कौशल विकास का सपना कैसे होगा पूरा?

केंद्र सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी स्वरोजगार के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए बहुत सी योजनाओं पर काम कर रही है। सरकार पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास के लिए भी एक नई योजना इंटर्नशिप को लेकर आई है। इसके लिए सरकार ने कुछ बड़ी कंपनियों को इसके दायरे में लाने का भी प्रयास किया है। इन कंपनियों में विद्यार्थियों को अपने कैरियर को संवारने की राह मिलेगी। इसके लिए सरकार अपनी तरफ से खर्च भी करेगी, अर्थात जो विद्यार्थी इस योजना को अपनाते हैं, उनकी आर्थिक मदद भी करेगी और विद्यार्थी कंपनी के काम को सीखेंगे। ऐसा करके वे या तो अपना कोई बिजनेस कर सकेंगे या कंपनी में नौकरी आसानी से पा सकेंगे। लेकिन सरकार की यह योजना तभी कामयाब होगी, जब कंपनियां सरकार की इस योजना को सही तरीके से अमल में लाएंगी। – *रुहिश कुमार, रोहतक*

ट्रेंड

अभाविप को बधाई

पंजाब यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन चुनाव में एबीवीपी की शानदार जीत पर काउंसिल के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। लगातार दूसरी बार मिली यह जीत, 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा में युवा शक्ति के अटूट विश्वास का प्रमाण है।
- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

जीडीपी ग्रोथ

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की 7.8% जीडीपी ग्रोथ देश की आर्थिक मजबूती, मुश्किलों से उबरने की क्षमता और 140 करोड़ भारतीयों के अटूट जज्बे का ज़बरदस्त सबूत है।
- **जगत प्रकाश नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

गैंगरेप की घटना शर्मनाक

नोएडा से दिल्ली जा रही बस में मैनपुरी की एक छात्रा के साथ हुए गैंगरेप की घटना बेहद भयावह और शर्मनाक है। महिलाओं की सुरक्षा के दावों के बीच, ऐसी घटनाएं बीजेपी सरकार की विफलता को उजागर करती हैं। इस मुश्किल घड़ी में हम पीड़िता और उसके परिवार के साथ खड़े हैं।
- **डिंपल यादव,** सांसद, सपा

वोटों की चोरी

भाजपा द्वारा वोटों की चोरी करके भारतीय लोकतंत्र को खोखला करने की साजिश अब सबके सामने आ रही है। जहां भाजपा को फायदा होता है, वहां मतदाता जोड़े जाते हैं; जहां फायदा नहीं होता, वहां वोटों को बांटकर "वोटों की चोरी" की जाती है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

ट्रंप ने 'लेक ओंटारियो' का नाम 'लेक अमेरिका' करने को कहा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल से अपने मानचित्र ऐप पर 'लेक ओंटारियो' का नाम बदलकर 'लेक अमेरिका' करने को कहा है। अमेरिका के गृह मंत्री ने सोमवार को यह जानकारी दी। ट्रंप ने कुछ दिन पहले ही इस झील से संबंधित एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। कनाडा के साथ बढ़ते व्यापार युद्ध के बीच यह झील चर्चा में है। गृह मंत्री डग बर्गम ने फॉक्स के कार्यक्रम 'मॉर्निंग्स विद मारिया' में कहा कि ट्रंप ने 'एप्पल से सीधे संपर्क किया है।' उन्होंने भरोसा जताया कि एप्पल के मंच पर जल्द ही 'लेक अमेरिका' नाम दिखाई दे सकता है। एप्पल ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। लंबे समय से लेक ओंटारियो के नाम से जानी जाने वाली यह झील अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य और कनाडा के ओंटारियो प्रांत के बीच स्थित है। 'गूगल मैप्स' ने अमेरिका में अपने उपयोगकर्ताओं के लिए बीते सप्ताहांत ही इस झील का नया नाम दिखाना शुरू कर दिया था। कंपनी ने इसके लिए ट्रंप के हालिया आदेश और अमेरिकी भौगोलिक नाम सूचना प्रणाली (जीएनआईएस) द्वारा निर्धारित नामों का इस्तेमाल करने की अपनी पहले से जारी व्यवस्था का हवाला दिया।

ऑफ बीट

बच्चों को चित्र वाली पुस्तकें भाषा सीखने में करती हैं मदद

शोध से यह बात अच्छी तरह सामने आई है कि बच्चों की चित्र वाली पुस्तकें भाषा सीखने में मदद करती हैं। म्यूनिख स्थित 'इंटरनेशनल यूथ लाइब्रेरी' में एक शोधवृत्ति के दौरान मुझे यह अध्ययन करने का अवसर मिला कि चित्र वाली बहुभाषी पुस्तकों में अलग-अलग भाषाओं को किस तरह प्रस्तुत किया जाता है और उनका इस्तेमाल किसी समाज में उन भाषाओं की बदलती स्थिति को किस तरह प्रतिबिंबित कर सकता है। न्यूजीलैंड के संदर्भ में यह खास तौर पर महत्वपूर्ण है, क्योंकि 1970 के दशक से बच्चों की चित्र वाली पुस्तकों में 'ते रेओ माओरी' (माओरी लोगों की पारंपरिक और आधिकारिक भाषा) के इस्तेमाल में लगातार वृद्धि हुई है। यह भाषा को फिर से उसका स्थान दिलाने और उसके पुनर्जीवन की प्रक्रिया को दर्शाता है। मेरा मानना है कि चित्र वाली पुस्तकें भी इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। 'यूथ लाइब्रेरी' में अपने अध्ययन के दौरान मैंने चित्र वाली जिन पुस्तकों का विश्लेषण किया, उनमें एक ही पुस्तक में 11 तक भाषाएं शामिल थीं। ये पुस्तकें दक्षिण अफ्रीका, पोलैंड और नॉर्वे समेत कई देशों की थीं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

सबालेंका आगे बढ़ने में सफल अल्काराज की जीत के साथ वापसी

यूएस ओपन

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने चोट से उबरने के बाद शानदार वापसी करते हुए यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि महिला वर्ग में

पिछली दो बार की चैंपियन एरिना सबालेंका भी आगे बढ़ने में सफल रही। अल्काराज दाहिनी कलाई में चोट के कारण अप्रैल से ही बाहर थे तथा इस कारण फ्रेंच ओपन और विंबलडन में ही नहीं खेल पाए थे। स्पेन के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने रोमन सफिउलिन को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर खिताब बचाने के अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

सबालेंका ने बढ़ाया खिताब की ओर कदम

महिला एकल में सबालेंका ने कैमिला ओसोरियो को 6-4, 6-4 से हराकर 2012-14 में सेरेना विलियम्स के बाद लगातार तीन यूएस ओपन चैंपियनशिप जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने की तरफ कदम बढ़ाए। वह वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पिछले तीन अवसरों पर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। सबालेंका ने 2023 में कोको गॉफ से मिली हार से उबरते हुए 2024 में जीत हासिल की और फिर पिछले साल अमांडा अनिसिमोवा को हराकर खिताब का बचाव किया।

वावरिंका का ग्रैंड स्लैम कॅरियर का अंत

यूएस ओपन में 2016 के चैंपियन स्टेन वावरिंका का ग्रैंड स्लैम कॅरियर पहले दौर में ही मैटियो बेरेटिनी से 7-6 (4), 7-6 (3), 6-0 से हार के साथ समाप्त हो गया। वावरिंका ने अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब फ्लशिंग मीडोज (जहां यूएस ओपन खेला जाता है) में जीता था। उन्होंने 10 साल पहले फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। इस 41 साल के खिलाड़ी ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि आप उनका आखिरी सत्र होगा।

अगले दौर में ओसाका

नाओमी ओसाका ने अनास्तासिया जखारोवा पर सीधे सेटों में जीत के साथ तीसरे यूएस ओपन क्राउन के लिए अपने सफर का आगाज किया। दुनिया की पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी को दूसरे राउंड में अपनी जगह पक्की करने से पहले दो निर्णायक टाईब्रेक में जाना पड़ा। ओसाका ने धैर्य बनाए रखा, मोमेंटम स्विंग्स को बचाने के बाद पहला ब्रेकर 8-6 से जीता और फिर दूसरा 7-3 से जीतकर मैच दो घंटे से थोड़ा ज्यादा समय में खत्म कर दिया। इस नतीजे ने ओसाका के शानदार ग्रैंड स्लैम सीजन को भी आगे बढ़ाया।

दलीप ट्रॉफी: फाइनल में 'ईस्ट जोन' 'सेंट्रल' को चार विकेट से दी शिकस्त

मुकेश कुमार ने लिए 7 विकेट, चुने गए 'प्लेयर ऑफ द मैच'

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

ईस्ट जोन ने दलीप ट्रॉफी के 'सेमीफाइनल-1' में सेंट्रल जोन के खिलाफ मुकाबले के तीसरे दिन 4 विकेट से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। कुल 7 विकेट हासिल करने वाले मुकेश कुमार को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। अब फाइनल मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 6 सितंबर से शुरू होगा, जिसमें ईस्ट जोन की भिड़ंत सेमीफाइनल-2 की विजेता टीम से होगी।

पहली पारी में दोनों जोनों का स्कोर बराबर

टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल जोन ने पहली पारी में 266 रन बनाए। इस पारी में रिंकू सिंह ने सर्वाधिक 60 रन जड़े, जबकि आर्यन जुयाल ने 46 रन टीम के खाते में जोड़े। इनके अलावा, यश ठाकुर ने नाबाद 30 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से मुकेश कुमार (56/3) और अभिजीत सरकार ने 3-3 विकेट निकाले, जबकि मोहम्मद शमी और कौनेन कुरैशी ने 2-2 विकेट चटकाए। इसके जवाब में ईस्ट जोन भी अपनी पहली पारी में 266 रन ही बना सकी। सलामी जोड़ी के रूप में वैभव सूर्यवंशी ने अभिमन्यु ईश्वरन के साथ पहले विकेट के लिए 153 गेंदों में 162 रन की साझेदारी की। वैभव 81 गेंदों में 7 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 92 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अभिमन्यु ने 8 चौकों के साथ 69 रन की पारी खेली। इनके अलावा सुदीप कुमार ने 25 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से हर्ष दुबे ने 4 विकेट झटके। आर्यन पांडे और यश ठाकुर को 3-3 विकेट हाथ लगे।

39.3 ओवरों में जीता ईस्ट जोन

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईस्ट जोन ने 39.3 ओवरों में जीत हासिल की। सूर्यवंशी ने ईश्वरन के साथ पहले विकेट के लिए 85 गेंदों में 61 रन जोड़कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। वैभव 43 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 40 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद ईश्वरन (24) भी चलते बने। टीम ने 65 रन तक 2 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद कुमार कुशाग्र ने मोर्चा संभाला। उन्होंने विराट सिंह (12) के साथ 28 रन और कप्तान ईशान किशन के साथ 31 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 124 के स्कोर तक पहुंचाया। 32वें ओवर की तीसरी और चौथी गेंद पर क्रमशः कुशाग्र (22) और अनुकूल रॉय (0) के विकेट गिरे। हालांकि, कप्तान ईशान मैदान पर जमे रहे, जिन्होंने 41 गेंदों में 5 बाउंड्री के साथ नाबाद 39 रन की पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। हर्ष दुबे ने 53 रन देकर 4 विकेट चटकाए, जबकि सारांश जैन और यश ठाकुर ने 1-1 विकेट हासिल किया।

सेंट्रल जोन की दूसरी पारी 158 रन पर सिमटी

सेंट्रल जोन की दूसरी पारी 158 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 97 के स्कोर तक 8 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद अरशद खान ने हर्ष दुबे के साथ 9वें विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी करते हुए टीम को शर्मनाक स्थिति से बाहर निकालने की कोशिश की। हर्ष 3 चौकों के साथ 24 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद अरशद (25) ने यश ठाकुर (नाबाद 4) के साथ 18 रन जोड़े। इस पारी में मुकेश कुमार ने 44 रन देकर 4 विकेट निकाले। इनके अलावा, मोहम्मद शमी ने 3 शिकार किए। अभिजीत सरकार, अनुकूल रॉय और कौनेन कुरैशी ने 1-1 विकेट झटका।

मार्श और हेड की वनडे टीम में वापसी

सिडनी। मिशेल मार्श और उनके साथी सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड को इस महीने के आखिर में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को बाहर कर दिया गया है। मार्श और हेड इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान और बांग्लादेश में वनडे सीरीज में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 15 सितंबर से शुरू होने वाला यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में वनडे विश्व कप खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने किसी को कप्तान नियुक्त किए बिना ही टीम की घोषणा की है। जिम्बाब्वे में तीन मैचों की वनडे सीरीज में मार्श का टीम की कप्तानी करना तय है, जिसके बाद नियमित वनडे और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस दक्षिण अफ्रीका में कमान संभालेंगे।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेंगे संजू और वैभव

- अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम घोषित
- 13 सितंबर से दिल्ली में तीन मैचों की सीरीज
- बुमराह समेत 4 अनफिट खिलाड़ियों का चयन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए मंगलवार को 15-सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। श्रेयस अय्यर टीम की कमान संभालेंगे, जबकि तिलक वर्मा को उप-कप्तानी सौंपी गई है। 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर से भारतीय टी20 टीम का हिस्सा हैं। वहीं संजू सैमसन की वापसी हुई है। हार्दिक पांड्या को टीम में जगह नहीं मिली है। टीम में नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा को फिटनेस के आधार पर शामिल किया गया है, लेकिन मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को मौका नहीं मिला।

अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे तीनों मैच

अफगानिस्तान और भारत के बीच पहला मैच 13 सितंबर, दूसरा 15 सितंबर व सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 17 सितंबर को खेला जाना है। तीनों मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे।

खबर संक्षेप

क्वीन्स पार्क ओवल में लगे ब्रावो, पोलार्ड और नारायण के स्टैंड

पोर्ट ऑफ स्पेन। त्रिनिदाद एवं टोबैगो के सबसे प्रसिद्ध क्रिकेटरों में शामिल ड्वेन ब्रावो, कीरोन पोलार्ड और सुनील नारायण ने ऐतिहासिक क्वींस पार्क ओवल में अपने नाम पर बने स्टैंड का अनावरण किया। स्टैंड के अनावरण का समारोह त्रिनिदाद एवं टोबैगो के 64वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में क्वीन्स पार्क क्रिकेट क्लब में आयोजित किया गया। इन तीनों खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ी है।

राष्ट्रीय युवा चैंपियनशिप में तमिलनाडु का जलवा

लुधियाना। तमिलनाडु के धावकों ने राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले ही दिन मंगलवार को यहां 100 मीटर स्पर्धा के पुरुष और महिला दोनों वर्गों का स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। समराज आर (10.46 सेकंड) ने पुरुष वर्ग में नया युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि टी मृदिका (11.78 सेकंड) ने महिला वर्ग में मीट रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। समराज का यह प्रदर्शन 2023 में कोयंबटूर में अंशु रजक द्वारा बनाए गए 10.63 सेकंड के पिछले युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर रहा। मृदिका ने 2012 में बेंगलुरु में दुती चंद द्वारा बनाए गए 11.80 सेकंड के पिछले मीट रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वह फाइनल में 12 सेकंड से कम समय में दौड़ पूरी करने वाली इकलौती धाविका रहीं। कर्नाटक की सुचित्रा एस ने महाराष्ट्र की सावरी कुलकर्णी को पीछे छोड़ते हुए 12.03 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता। सावरी ने 12.09 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक हासिल किया।

प्रीमियर लीग : आर्सेनल की जीत का सिलसिला बरकरार



एजेंसी ▶▶ लंदन

आर्सेनल ने एस्टन विला को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा, जबकि बार्सिलोना और रोमा ने क्रमशः स्पेन और इटली में शानदार जीत दर्ज की। मौजूदा चैंपियन आर्सेनल ने बुकायो साका के 59वें मिनट में किए गए गोल के दम पर तीन अंक हासिल किए।

ला लिगा में यामल ने दागे गोल

उधर ला लिगा में लामिन यामल और राफिन्हा दोनों ने दो-दो गोल किए, जिससे बार्सिलोना ने रायो वैलेकानो को 5-2 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर लगातार 21वीं जीत दर्ज की। इस जीत से बार्सिलोना गोल अंतर के आधार पर रियाल मैड्रिड से आगे निकलकर लीग तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। इटली की लीग सीरी ए में डोनेल मालेन ने दो मैचों में अपने गोल की संख्या पांच तक पहुंचा दी। उनके शानदार प्रदर्शन से रोमा ने लेचे के खिलाफ 4-0 से जीत हासिल की। मालेन ने रोमा की फियोरेंटीना के खिलाफ शुरुआती मैच में जीत में हैट्रिक लगाई थी।

अंडर-23 सीनियर वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप

फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन में 20 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अंडर-23 सीनियर वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप के लिए मंगलवार को चयन ट्रायल आयोजित किए गए। फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन दोनों श्रेणी के ट्रायल आयोजित किए गए। दोनों श्रेणी के लिए भारतीय टीम घोषित हो गई है। दोनों श्रेणी में भारतीय टीम में कुल 20 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों को दबदबा रहा। फ्रीस्टाइल में हरियाणा से तीन और ग्रीको रोमन में चार कुल सात खिलाड़ियों का चयन हुआ। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

अमेरिका के लॉस एंजेलिस शहर में 12 से 18 अक्टूबर तक अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।

सात हरियाणा के पहलवान

फ्रीस्टाइल वर्ग में 57 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा के रोहित, 61 किग्रा में महाराष्ट्र के वैभव नारायण पाटिल, 65 किग्रा में पंजाब के जसकरण सिंह, 70 किग्रा में महाराष्ट्र के सुमित कुमार लक्ष्मण और 74 किग्रा में महाराष्ट्र के अधर्ष युवराज ने चयन हुआ है। इसी तरह 79 किग्रा में एसएससीबी के चंदरमोहन, 86 किग्रा में एसएससीबी के अमित, 92 किग्रा में हरियाणा के निखिल, 97 किग्रा में हरियाणा के शिवम और 125 किग्रा भार वर्ग में दिल्ली के रोनक का भी चयन भारतीय टीम में हुआ है। ग्रीको-रोमन वर्ग की बात करें तो 55 किग्रा में एसएससीबी के विश्वजीत मोरे, 60 किग्रा में महाराष्ट्र के समर्थ, 63 किग्रा में दिल्ली के चेतन, 67 किग्रा में पंजाब के सागर सिंह और 72 किग्रा में उत्तर प्रदेश के सौरभ राणा का चयन हुआ। इसके अलावा 77 किग्रा में हरियाणा के धीरज मलिक, 82 किग्रा में हरियाणा के सचिन कुमार, 87 किग्रा में पंजाब के करण कांबोज, 97 किग्रा में हरियाणा के निखिल और 130 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा के हरदीप ने भी भारतीय टीम में जगह बनाई।

आईसीसी रैंकिंग

टी20 कॅरियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचीं अट्टापट्टू



एजेंसी ▶▶ दुबई

विमेंस एशिया कप 2026 में शानदार प्रदर्शन के साथ श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू आईसीसी विमेंस टी20 प्लेयर रैंकिंग में तीनों कैटेगरी में अपने करियर की बेस्ट रेटिंग प्वाइंट्स तक पहुंच गई हैं। अट्टापट्टू ने 29 अगस्त को यूएई के खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 25 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाए। बतौर गेंदबाज 3 ओवरों में 10 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। कप्तान के इस प्रदर्शन की बदौलत टीम ने 9 विकेट से शानदार जीत हासिल की।

इस नतीजे से अट्टापट्टू बल्लेबाजों की रैंकिंग में 734 रेटिंग प्वाइंट्स, गेंदबाजों में 552 और ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में 405 प्वाइंट्स के साथ अपने करियर की सबसे बेहतरीन स्थिति में पहुंच गईं। वह टी20 बल्लेबाजों में छठे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि गेंदबाजी सूची में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंच गई हैं और ऑल-राउंडर्स में तीसरे स्थान पर बरकरार हैं।

नंदिनी ने की बड़ी बढ़त हासिल

भारतीय तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने बड़ी बढ़त हासिल की। थाईलैंड के खिलाफ 18 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद वह 38 स्थान ऊपर चढ़कर 112वें नंबर पर पहुंच गईं। विमेंस एशिया कप में खेल रहीं दूसरी टीमों के खिलाड़ियों को भी फायदा हुआ है। भारत के खिलाफ 48 गेंदों में 41 रन बनाने के बाद थाईलैंड की नन्नापत कोंचारोएन्काई महिला बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 29वें नंबर पर पहुंच गईं, जबकि सुलीपोर्न लाओमी ने 26 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद गेंदबाजों की रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाई और संयुक्त रूप से 63वें नंबर पर आ गईं।

18वीं रैंकिंग पर दुलानी

यूएई के खिलाफ 18 गेंदों पर 25 रन की पारी खेलने वाली दुलानी चार स्थान ऊपर चढ़कर 625 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ 18वीं रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। वहीं, हर्षिता समरविक्रमा बल्लेबाजों में एक स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर आ गई हैं। श्रीलंकाई गेंदबाजों को भी टूर्नामेंट के अपने शानदार ओपनिंग मैच का फायदा मिला है। मिताली अयोध्या ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे यूएई का स्कोर 79 रन तक सीमित रहा और वह 18 स्थान ऊपर चढ़कर 70वें स्थान पर पहुंच गईं। साथ ही उनके 444 प्वाइंट्स भी उनके करियर का बेस्ट स्कोर है। बाएं हाथ की स्पिनर सुगंधिका कुमारी ने 18 रन देकर दो विकेट लिए और पांच स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गईं।

चीन मास्टर्स : हरिहरन-अर्जुन की जोडी बीच मुकाबले से हटी

पहले दौर की चुनौती पार करने में विफल उन्नति

एजेंसी ▶▶ शेनजेन

उन्नति हुड्डा चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को महिला एकल के पहले दौर की चुनौती पार करने में विफल रहीं, जबकि पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में पहले गेम के दौरान ही मैच से हटने का फैसला किया।

विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज उन्नति को पहले दौर में दक्षिण कोरिया की 12वीं रैंकिंग वाली किम गा-यून के हाथों 10-21, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

द.कोरिया की किम गा-यून से हारी उन्नति

आज सेन करेंगे अभियान की शुरुआत

भारतीय खिलाड़ियों से जुड़े सात मुकाबले बुधवार को खेले जाने हैं, जिनमें देश के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत भी अपने अभियान का आगाज करेंगे।

पहले गेम में हटी भारतीय जोड़ी

हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी पहले गेम में चीन के चेन बो यांग और लियू यी के खिलाफ 8-11 से पीछे चल रही थी तभी उन्होंने मुकाबले से हटने का फैसला किया। उनके मैच से हटने की वजह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी, लेकिन माना जा रहा है कि यह फिटनेस से जुड़ी हो सकती है।

लय में नजर नहीं आईं उन्नति

उन्नति पहले गेम में लय में नजर नहीं आईं। किम ने 4-0 की बढ़त के साथ शुरुआत की और देखते ही देखते स्कोर 11-3 कर दिया। इसके बाद उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में बेहतर संघर्ष दिखाया। शुरुआत से ही वह मुकाबले में बनी रहीं और 8-7 तथा 14-13 की मामूली बढ़त भी हासिल की। इसके बाद स्कोर 18-18 से बराबर हो गया। किम ने हालांकि फिर से नियंत्रण हासिल किया और लगातार तीन अंक जुटाकर मुकाबला समाप्त कर दिया।

खबर संक्षेप

राम मंदिर: कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट, आज नाम पर होगा फैसला

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले पूर्णकालिक सीईओ की नियुक्ति की प्रक्रिया निर्णायक दौर में पहुंच गई है। 3 सदस्यीय सर्च कमेटी ने मंगलवार को अपनी अंतिम रिपोर्ट ट्रस्ट को सौंप दी। कमेटी ने सीईओ पद के लिए तीन नामों का पैनल तैयार किया है। दो सितंबर को प्रस्तावित ट्रस्ट की अहम बैठक में सीईओ के नाम पर अंतिम मुहर लगने की संभावना है।

पाकिस्तान में 125 साल पुराना मंदिर गिराया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक 125 साल से ज्यादा पुराने हिंदू मंदिर को मदरसा बनाने के लिए गिरा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'तेहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान' नाम की एक प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी के सदस्यों ने मंदिर को 21 अगस्त कोगिरा दिया था, ताकि इस जमीन को मदरसे में शामिल किया जा सके। सरकार का दावा है कि 100-125 साल पुराना यह मंदिर भारी बारिश की वजह से खुद ढह गया।



26वें शंघाई शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने विश्व को चेताया

आतंकवाद पूरी 'मानवता' के लिए गंभीर खतरा, कट्टरपंथी सोच पर लगाएं लगाम

एससीओ में संबोधित करते पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ बिश्केक

पीएम नरेंद्र मोदी ने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में 26वें एससीओ समिट में विश्व को आतंकवाद के प्रति सचेत करते हुए आतंकवाद के पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि कट्टरपंथी सोच को बढ़ावा देने वाले तत्वों पर रोक लगानी होगी। इस सम्मेलन में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ भी शामिल हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले पच्चीस वर्षों में एससीओ ने यूरेशिया के विशाल भूभाग में संवाद और सहयोग की एक मजबूत परंपरा विकसित की है। हमने मिलकर अपने लोगों की भलाई के साथ-साथ मानवता के विकास में भी बहुमूल्य योगदान दिया है। इन पच्चीस वर्षों में हमने सहयोग की मजबूत नींव तैयार की है। अब आने वाले पच्चीस वर्षों में हमारा लक्ष्य इस सहयोग को स्पष्ट परिणामों में बदलने का होना चाहिए।

विश्व अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा | तीन बातों सुरक्षा, संपर्क और अवसर का किया उल्लेख

लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना जरूरी



एससीओ सम्मेलन में सदस्य देशों के प्रमुख का समूह चित्र

पीएम मोदी ने कहा कि आज जब विश्व अनिश्चितता और अस्थिरता से गुजर रहा है, हमें अपने साझा भूगोल को साझा अवसरों में बदलना है और हमारे प्रयासों से हमारे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना हैं। पिछली बैठक में मैंने एससीओ को लेकर भारत की सोच के तीन मुख्य स्तंभों का उल्लेख किया था: एस से सिक्योरिटी (सुरक्षा), सी से कनेक्टिविटी और ओ से ऑर्पच्युनिटी (अवसर)। अब समय है कि इन तीनों स्तंभों को विजन से आगे बढ़ाकर ठोस आउटकम (उपलब्धि) तक ले जाया जाए। और इसकी पहली आवश्यकता है- शांति और सुरक्षा।

मोदी ने भारत की समृद्ध विरासत को दर्शाने वाले उपहार दिए

मोदी ने मध्य एशिया के दो देशों उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान की अपनी हालिया यात्रा के दौरान वहां के नेताओं को महाभारत का अंग्रेजी अनुवाद, लद्दाखी कंबल और चंदन की लकड़ी से बनी 'शत-तंत्री वीणा' उपहार में दिए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपहार में प्रीमियम कांगड़ा चाय के दो डिब्बे, बनारसी सिल्क स्टोल, संगमरमर का नक्काशी वाला एक डिब्बा और चांदी का एक उत्कृष्ट 'ब्रोच' (सजावटी पिन) भी शामिल था। प्रधानमंत्री मोदी ने किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर जापारोव को अर्थशास्त्री बिबेक देबरॉय द्वारा अनुवादित महाभारत का 10 खंड वाला अंग्रेजी संस्करण भेंट किया। मोदी ने राष्ट्रपति को 'त्सुग-दुल' कंबल भी भेंट किया। यह लद्दाख का एक पारंपरिक ऊनी कपड़ा है, जो अपने चटख रंगों और ज्यामितीय, फूलों व खास तरह के डिजाइनों के लिए जाना जाता है। किर्गिस्तान के प्रधानमंत्री आदिलबेक कासिमालियेव को डोकरा कलाकृति 'पारंपरिक संगीतकारों की एक जोड़ी' भेंट की गई। मोदी ने उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव को चंदन की शता तंत्री वीणा (संतूर) उपहार में दिया। मिर्जियोयेव को लकड़ी के नक्काशीदार बक्से में प्रीमियम कांगड़ा चाय के दो डिब्बे भी दिए गए।

नशा युवा पीढ़ी और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

पीएम मोदी ने नशीले पदार्थों की तस्करी को भी रोकने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ड्रग ट्रैफिकिंग केवल एक अपराध नहीं है बल्कि हमारी युवा पीढ़ी और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। एससीओ के अंतर्गत सिक्योरिटी थ्रेट्स, ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, इन्फोर्मेशन सिक्योरिटी और नार्कोटिक्स जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए स्थापित किए जा रहे सेन्टर्स एक सकारात्मक कदम है। हमें व्यावहारिक समन्वय और समय पर कार्रवाई कर इन्हें प्रभावी माध्यम बनाना चाहिए।

एस. जयशंकर की रूसी और ईरानी समकक्षों से हुई चर्चा

एससीओ शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रूसी और ईरानी समकक्षों संग हुई छोटी सी मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए लिखा कि एससीओ समिट 2026 से इतर ईरान और रूस के विदेश मंत्रियों से छोटी सी मुलाकात हुई। जयशंकर रूसी विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ दिखाई दे रहे हैं।

राजनाथ सिंह ने की डिफेंस पीएसयू की समीक्षा

सुरक्षा के लिए पांच साल का रोडमैप तैयार करने का निर्देश

समीक्षा बैठक करते राजनाथ सिंह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश के 16 रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (डीपीएसयू) के वार्षिक प्रदर्शन और प्रगति की व्यापक समीक्षा की है। इस दौरान रक्षा मंत्री ने अगले पांच वर्षों के लिए एक स्पष्ट और व्यावहारिक रोडमैप तैयार करने का आह्वान किया। यह रोडमैप बदलते समय और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों के अनुरूप देश की रक्षा तैयारियों को मजबूत करने वाला होना चाहिए। समीक्षा का जोर देश में रक्षा उत्पादन को और मजबूत करना, स्वदेशी तकनीकों का विकास, नवाचार को बढ़ावा देना और रक्षा निर्यात था।

डीपीएसयू की रक्षा क्षेत्र में अहम भूमिका

राजनाथ सिंह ने कहा कि डीपीएसयू देश की रक्षा उत्पादन क्षमता को मजबूत करने और आत्मनिर्भर रक्षा क्षेत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने डीपीएसयू को अपनी उत्पादन क्षमता, तकनीकी क्षमताओं और अनुसंधान एवं विकास को लगातार बेहतर बनाने पर जोर दिया, ताकि भारतीय सशस्त्र बलों की भविष्य की जरूरतों को देश में ही पूरा किया जा सके। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के विकास और नवाचार को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई।

टाइम्स स्क्वायर पर महिला ने की चाकूबाजी, एक की मौत

न्यूयॉर्क। अमेरिका की न्यूयॉर्क सिटी के टाइम्स स्क्वायर पर एक महिला ने अचानक दो लोगों पर चाकू से हमला कर दिया, जिसमें एक महिला की मौत हो गयी। इसके बाद पुलिस ने हमलावर महिला को गोली मार दी, जिससे उसकी भी मौत हो गयी। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को हुई यह घटना वन टाइम्स स्क्वायर के ठीक बाहर न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के एक उप केंद्र के पास हुई। न्यूयॉर्क पुलिस ने सोमवार शाम एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि क्वींस की रहने वाली 49 वर्षीय पामेला सिस्नेरोस ने एक बैग से दो चाकू निकाले और पहले 68 वर्षीय एक व्यक्ति के पेट में चाकू मार दिया। इसके तुरंत बाद उसने मुड़कर 32 वर्षीय एक महिला के पेट में भी चाकू मार दिया। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के अनुसार, 32 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि 68 वर्षीय व्यक्ति की हालत स्थिर है।

पूर्वोत्तर राज्यों में सेना की बड़ी कार्रवाई

300 करोड़ के नशीले पदार्थ व प्रतिबंधित सामग्री बरामद

बड़ी मात्रा में हेराइन, अफीम, ब्राउन शुगर जब्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वोत्तर राज्यों में मादक पदार्थों और प्रतिबंधित सामान की तस्करी के खिलाफ भारतीय सेना ने व्यापक अभियान चलाया है। इन अभियानों के दौरान सुरक्षा बलों ने 300 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के नशीले पदार्थ और प्रतिबंधित सामान बरामद किए हैं। यहां हेरोइन, अफीम, मॉर्फिन व ब्राउन शुगर जैसे नशीले पदार्थ बरामद किए गए हैं। मणिपुर, असम और मिजोरम के अलग-अलग जिलों में यह कार्रवाई की गई।

सेना के मुताबिक खुफिया सूचना के आधार पर मणिपुर में ये अभियान चुराचांदपुर, सेनापति और कामजोंग जिलों में और मिजोरम में आइजोल और चंपई जिलों में चलाए गए। असम के कछार और श्रीभूमि जिलों में भी सेना और असम राइफल्स ने राज्य पुलिस तथा अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर संयुक्त अभियान चलाए।

75 लाख की बेहिसाब नकदी भी बरामद

विभिन्न अभियानों के दौरान बरामद नशीले पदार्थों में 1.32 किलो हेरोइन 7.7 लाख मेथम्फेटामाइन की गोलियां, 13.23 किलो अफीम, 8.22 किलो मॉर्फिन और 360 ग्राम ब्राउन शुगर, 11,630 किलो पॉपी सीड्स तथा 4.5 लाख सिगरेट स्टिक भी बरामद किए। इसके अलावा 75.025 लाख रुपए की बिना हिसाब की नकदी भी सुरक्षा बलों के हाथ लगी है। इन कार्रवाइयों का उद्देश्य नशीले पदार्थों की तस्करी और अन्य प्रतिबंधित सामान की आवाजाही पर रोक लगाना था।

भारतीय सेना का बड़ा कदम

पहले चरण में 41 आर्मी स्टेशनों को 'पीएनजी' से जोड़ा जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना अब अपने सैन्य प्रतिष्ठानों में पारंपरिक ईंधन की जगह पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) को बढ़ावा देने की तैयारी में जुट गई है। पहले चरण में 41 आर्मी स्टेशनों को पीएनजी से जोड़ने का लक्ष्य है।

इसी कड़ी में दिल्ली कैंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में 'पीएनजी ट्रांजिशन वेबिनार-2026' आयोजित किया गया। सेना का लक्ष्य है कि जहां भी पीएनजी की सुविधा व्यवहारिक रूप से उपलब्ध है, वहां सैन्य प्रतिष्ठानों को चरणबद्ध तरीके से इससे जोड़ा जाए। सेना ने वित्त वर्ष 2026-27 में 41 आर्मी स्टेशनों को पीएनजी से जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। इसके बाद इस व्यवस्था का विस्तार उन दूसरे सैन्य प्रतिष्ठानों तक किया जाएगा, जहां पीएनजी उपलब्ध कराना संभव होगा। यह पहल केंद्र सरकार के गैस आधारित अर्थव्यवस्था के विजन के अनुरूप है। सेना के लिए यह बदलाव ऊर्जा के अधिक कुशल इस्तेमाल के साथ-साथ एक अधिक टिकाऊ ईंधन व्यवस्था की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है।

वेबिनार में चर्चा करते हुए अधिकारी

अमेरिका का ईरान पर नया हमला धमाकों से दहला बंदर अब्बास

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन डीसी/

अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने मंगलवार को तीन दिन में दूसरी बार ईरान पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स से जुड़े सैन्य ठिकानों पर किए गए। फिलहाल किसी के मारे जाने की खबर नहीं है। अमेरिका ने कहा कि यह कार्रवाई ईरान की ओर से जहाजों और क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाने के जवाब में की गई है। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, दक्षिणी ईरान के बंदर अब्बास, चाबहार और केश्म द्वीप पर हमले किए गए।

ट्रंप बोले-अभी सबसे बड़ा हमला बाकी

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा है कि अभी सबसे बड़ा हमला बाकी है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखा, इस समय अमेरिका, होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरानी ठिकानों पर हमले कर रहा है। ये हमले बड़े और जबरदस्त हैं। ये हमले ईरान की उन हरकतों का जवाब हैं जिनमें उन्होंने जलडमरूमध्य में समुद्री बारूदी सुरंगें बिछाने की नाकाम कोशिश की थी।

जन्माष्टमी पर 'दही हांडी'

रूस का यूक्रेन पर हवाई हमला

मारे गए 12 में एक भारतीय भी शामिल, जताई संवेदना

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस की ओर से यूक्रेन में रातभर किए गए बड़े हवाई हमले में मारे गए 12 लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कुल 12 लोग मारे गए, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है और हमले में दर्जनों अन्य लोग घायल हुए हैं। जिन लोगों ने अपने परिवार और प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। हमले के बाद कई इलाकों में राहत और बचाव का काम जारी है। जेलेंस्की ने बताया कि कीव और आसपास के क्षेत्र में ही करीब 350 राहतकर्मी हमले के बाद के हालात से निपटने में जुटे हैं।



राष्ट्रपति जेलेंस्की

उन्होंने कहा कि हमले में बड़ी संख्या में जेट से चलने वाले ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। आवासीय इमारतों और नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। बोरिस्पिल में पांच मंजिला आवासीय इमारत क्षतिग्रस्त हुई और 50 लोगों को वहां से निकाला गया। शहर में 4 लोगों की मौत हुई, 13 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि ओडेसा और आसपास के क्षेत्र में भी पिछली शाम से निर्देशित हवाई बमों और ड्रोन से हमले जारी हैं। इन हमलों के कारण हजारों परिवार बिजली के बिना रह गए हैं और बिजली आपूर्ति बहाल करने का काम जारी है।

महाराष्ट्र एसआईआर : नेता विपक्ष राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर किया हमला

'मकसद है भाजपा को जिताना, यह चुनाव आयोग नहीं वोट चोरी आयोग'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसआईआर प्रक्रिया के बाद महाराष्ट्र की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से 2,06,88,487 मतदाताओं के नाम शामिल नहीं हो पाए हैं। इस मुद्दे पर राहुल गांधी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए सवाल उठाए हैं। यह चुनाव आयोग नहीं वोट चोरी आयोग है। 'वोट चोरी' के जरिए बनी सरकार के लिए जनता महत्वपूर्ण नहीं है। यही वजह है कि भाजपा न तो लोगों की बात सुनती है और न ही उनके आदेश का पालन करती है। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने एक्स पर कहा, 'भाजपा और 'वोट चोरी आयोग' अपनी चालें बदलते रहते हैं और आगे भी ऐसा ही करेंगे - मकसद बस एक ही है: किसी भी कीमत पर भाजपा की जीत और भारत के लोकतंत्र का खात्मा।'मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के बाद तैयार की गई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में 2.06 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के नाम शामिल नहीं हैं। यह संख्या महाराष्ट्र के पिछले वोटर बेस का 21.14 प्रतिशत है।

एसआईआर में नाम कटने से सियासी घमासान

चुनाव आयोग का स्पष्टीकरण

अधिकारियों के मुताबिक, बड़ी संख्या में मतदाता अपने पते पर नहीं मिले, घर बदल चुके थे, उनकी मृत्यु हो चुकी थी या उनके नाम डुप्लीकेट थे। वहीं, जिन पात्र मतदाताओं के नाम ड्राफ्ट लिस्ट में नहीं हैं, उन्हें 30 सितंबर तक दावा-आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया गया है। अंतिम मतदाता सूची 4 नवंबर को जारी होगी। अधिकारियों ने बताया कि कुल 2,06,88,487 लोगों को ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है।

25 लाख शिक्षकों की लड़ाई लड़ेंगे राहुल

भोपाल। भोपाल ज्वॉइंट टीचर फ्रंट के सदस्यों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। सदस्यों ने राहुल गांधी से टीईटी के मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने शिक्षकों के पक्ष में आवाज उठाने का आग्रह किया। मप्र में 2005 से 2009 के बीच नियुक्त टीचर्स के लिए अनिवार्य शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर अब राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। संगठन के सदस्यों का कहना है कि टीईटी की अनिवार्यता से बड़ी संख्या में शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। राहुल ने शिक्षक संगठनों को आश्वासन दिया कि वे देशभर के करीब 25 लाख शिक्षकों के इस मुद्दे को लेकर उनकी लड़ाई लड़ेंगे।

तमिलनाडु में टीईटी की अनिवार्यता से छूट

दिल्ली गैंगरेप पर राहुल गांधी बोले- नाकामी पर कब तक पर्दा डालेंगे

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने दिल्ली में 16 साल की नाबालिग से स्लीपर बस में गैंगरेप के मामले को लेकर केंद्र के साथ दिल्ली और उत्तर प्रदेश सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 47 किमी चलती बस में लड़की के साथ गैंगरेप हुआ, लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी तक नहीं हुई। किसी को जवाबदारी लेनी होगी। दरअसल, सोमवार को दिल्ली में नाबालिग से चलती स्लीपर बस में गैंगरेप का मामला सामने आया था। पुलिस के मुताबिक, घटना 4 अगस्त की है, जिसकी जानकारी पुलिस ने 31 अगस्त को दी। बस के ड्राइवर-कंडक्टर को अरेस्ट कर लिया गया है। राहुल गांधी ने मंगलवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा, ²दिल्ली महिलाओं के लिए असुरक्षित हो गई है। स्लीपर बस में हुई घटना की जानकारी दिल्ली और नोएडा पुलिस को भी नहीं हुई। उन्होंने सवाल उठाया कि 2012 के निर्भया मामले के इतने साल बाद और महिलाओं के खिलाफ ऐसी कई घटनाओं के बावजूद स्लीपर बसों की जांच और निगरानी के नियमों का पालन क्यों नहीं हो रहा है। बस में लगे पर्दे सिर्फ उस घटना को छिपाने का जरिया नहीं थे, बल्कि ये सरकार की प्रशासनिक नाकामियों पर सालों से पड़े पर्दे को भी दिखाते हैं।

क्या किसी की जवाबदेही तय होगी

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28